दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकासित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -318 | ग्वालियर, गुरूवार 27 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# प्रमुख समस्याओं को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने निराकरण के लिए एसडीएम से चर्चा की




**ओमप्रकाश परमार**

देवास। कन्नौद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक कैलाश कुंडल के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने निराकरण की मांग को लेकर एसडीएम प्रवीण प्रजापति से चर्चा के बाद ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्य रूप से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित रूप से रोजाना हो रही बिजली कटौती में सुधार किए जाने, एन एच 59 ए हाइवे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही किए जाने, मध्य प्रदेश शासन खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन किसको माना गया है यह स्पष्ट करने। इसके साथ ही वर्ग विशेष के लोगों के साथ भेदभाव पूर्वक कानूनी प्रक्रिया में उलझा कर परेशान किए जाने पर रोक लगाने एवं खुलेआम संपूर्ण क्षेत्र में नशीले पदार्थों की हो रही बिक्री पर रोक लगाये जाने के साथ ही तहसील क्षेत्र के सिंचाई की सुविधा से वंचित ग्रामों में सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीणों को लाभ दिलाए जाने सहित कुल 10 बिंदुओं की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंडल द्वारा आगामी 8 से 10 दिवस में उक्त बिंदुओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी

# आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष के कारण ही जारी हैं देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं**

**लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष जनता की लड़ाई, जनता के लिए, जनता द्वारा लड़े जाने का है उदाहरण**

**लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा तथा एयर टैक्सी के किराये में छूट**

**मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को किया संबोधित**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। आपातकाल के कष्टों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से तत्कालीन परिस्थितियों, दमन और लोकतंत्र सेनानियों की जीवटता का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे लोकतंत्र सेनानियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता, नानाजी देशमुख एवं श्री जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोकतंत्र सेनानियों का प्रादेशिक सम्मेलन वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास मुख्यमंत्री का निवास नहीं, अपितु लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक भाग है और लोकतंत्र सेनानी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वाधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। मुख्यमंत्री निवास में स-सम्मान आना उनका अधिकार और सेनानियों का स्वागत व सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, लोकतंत्र सेनानी मुख्यमंत्री निवास पधारे, यह हमारा सौभाग्य है।

लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी अनेक सुविधाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाऊस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रूकने की सुविधा तथा किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। जिन लोकतंत्र सेनानियों को अब तक ताम्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें ताम्रपत्र प्रदान किये जाएंगे। लोकतंत्र सेनानियों को पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। उनके आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज पर हुए व्यय के भुगतान में विलम्ब नहीं होगा। कलेक्टर द्वारा 3 माह में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

# बदमाशों ने व्यापारी से किया बैग छीनने का प्रयास नहीं दिया तो मारी गोली

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

लहार नगर के पुरानी गल्ला मंडी में एक काली अपाचे से आए तीन लुटेरों ने लूट के उधेश्य से महेश चन्द्र सोनी उर्फ भुट्टो सोनी पुत्र बद्री प्रसाद सोनी उम्र 62 वर्ष को पुरानी गल्ला मंडी में रोक लिया ,महेश सोनी अपनी दुकान



**घटना के विरोध में व्यापार संघ ने किया बाजार बंद,दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम**


बंद कर के घर आ रहे थे,लुटेरे उनका बैग छुड़ाने लगे,महेश चंद्र सोनी ने इसका विरोध किया तो लुटेरों ने गोलियां चला दी,महेश चंद्र सोनी को लूटता हुआ देख कर उनके पड़ोसी मुकुल गुप्ता उर्फ छोटू पुत्र राजकुमार गुप्ता,उम्र 22 वर्ष,निवासी वार्ड 2 लहार बचाने आए तो लुटेरों ने उनको भी गोली मार दी,दोनों लोगो को लहार के सिविल अस्पताल लाया गया जहां से ग्वालियर रिफर किया गया ,,लहार पुलिस मौकाए बारदात पर पहुंची तो उन्हें दो कारतुस के खोखे मिले,, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है

**व्यापारियों ने किया बाजार बंद**

सर्राफा व्यापारी को गोली मारने की घटना एवं पिछले दिनों से लहार नगर में हो रही आपराधिक वारदातों को लेकर लहार व्यापार संघ ने किया बाजार बंद सैकड़ो की संख्या में एकजुट होकर लहार थाने पहुंचे व्यापारी लहार थाना प्रभारी को आवेदन देकर दिया अल्टीमेटम 24 घंटे में लुटेरे नहीं हुए गिरफ्तार तो किया जाएगा अनिश्चितकालीन बजार बंद।

# ओम बिरला फिर बने लोकसभा स्पीकर, पीएम मोदी और राहुल गांधी ने दी बधाई

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद ओम बिरला को एक बार फिर लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया है. ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित होने के बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने उन्हें विजयी घोषित किया. विपक्ष ने मत-विभाजन की मांग नहीं की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें स्पीकर के आसंदी तक छोड़ने आए. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी हाथ मिलाकर उन्हें बधाई दी. स्पीकर चुने जाने के बाद ओम बिरला ने इतिहास रच दिया. वे ऐसे पहले सांसद हैं, जो लगातार 2 कार्यकाल में स्पीकर चुने गए। ओम बिरला के स्पीकर चुने जाने के बाद सबसे पहले पीएम मोदी ने सदन को संबोधित किया. इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैंज्आपको मेरी और इस पूरे सदन की तरफ से बहुत शुभकामनाएंज्अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला हैज्हम सबका



विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगेज'

राहुल गांधी के बाद अखिलेश यादव ने सदन को संबोधित किया. सबसे पहले अखिलेश यादव ने ओम बिरला को जीत की बधाई दी. सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आप हर दल को बराबरी का सम्मान देंगे. हमें उम्मीद है कि हमारी आवाज दबाई नहीं जाएगी. आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता ही है, मगर सरकार पक्ष पर भी रहे, यह उम्मीद करता हूं. आपकी जिम्मेदारी है कि सदन सचारू रूप से चले.

इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पीएम मोदी ने 18वीं लोकसभा के स्पीकर पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस?ताव रखा, जिसका ललन सिंह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने समर्थन किया. वहीं, विपक्ष की ओर से अरविंद सावंत ने के सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा. 23 नवंबर 1962 को राजस्थान के कोटा शहर में श्रीकृष्ण बिरला और शकुंतला देवी के घर जन्मे ओम बिरला पोस्ट ग्रेजुएट हैं. उन्होंने साल 1986 में महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी से रूष्टश्वद्व. की डिग्री ली थी. 11 मार्च 1991 को उन्होंने डॉक्टर अमिता बिरला से शादी की. दोनों की आकांक्षा और अंजलि बिरला नाम की दो बेटियां हैं. एक भी चुनाव नहीं हारे-लोकसभा स्पीकर का चुनाव जीतने वाले ओम बिरला के नाम अब तक के हर चुनाव में जीत का रिकॉर्ड रहा है. साल 2003 अब तक कोई भी चुनाव हारे नहीं हैं. 2003 में उन्होंने कोटा से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. साल 2008 में उन्होंने कोटा दक्षिण सीट से कांग्रेस नेता शांति धारीवाल को शिकस्त दी थी. साल 2013 में उन्होंने तीसरी बार कोटा दक्षिण सीट से चुनाव जीता था. लोकसभा चुनाव उन्होंने पहली बार साल 2014 में लड़ा और विजयी भी हुए. 2024 में एक बार फिर उन?होंने राजस?थान के कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से चुनाव जीता. साल 2019 में बीजेपी ने जब उनको स्पीकर बनाया, तो हर कोई हैरान रह गया था. लंबा संसदीय अनुभव न होने के बाद भी ओम बिरला ने जिस तरह से सदन को चलाया, वो तारीफ-ए-काबिल रहा. अब एक बार फिर वो लोकसभा स्पीकर के तौर पर निचले सदन की कार्यवाही चलाएंगे.



## मैं आपका हूं आपके लिए ही हूं... नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का संदेश

नई दिल्ली- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वीडियो जारी कर विपक्ष के साथियों के धन्यवाद दिया। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, देश की जनता, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और ढ्ढहृष्ठढ्ढ के सहयोगियों का मुझपर भरोसा जताने के लिए दिल से धन्यवाद। विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है - यह आपकी आवाज बन कर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

**मैं आपका हूं और आपके लिए ही हूं :** राहुल गांधी ने कहा, %हमारा संविधान गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों का सबसे बड़ा हथियार है और हम उस पर किए गए हर हमले का पूरी ताकत से जवाब देकर उसकी रक्षा करेंगे। मैं आपका हूं और आपके लिए ही हूं।%


**लोकसभा स्पीकर ने दी नेता विपक्ष के रूप में मान्यता :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी।राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। वह इस बार लोकसभा में उत्तर प्रदेश के रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे।

**राहुल गांधी को मिलेगा कैबिनेट का दर्जा :** विपक्ष के नेता के तौर पर गांधी को अब कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा।

# लहार विधानसभा क्षेत्र से पुलिस के संरक्षण में हो रही लुट,डकैती,चौरी - जयेंद्र सिंह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान मो,888948636

कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जयेंद्र सिंह (ररी) ने पुलिस की कार्यप्रणाली को संदिग्ध वताते हुये कहा की लहार की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है आये दिन लुट डकैती चौरी की घटनाएं घटित हो रही है पुलिस मुकदर्शक बनी


लहार विधानसभा क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण में हो रही लूट, डकैती, चौरी– जयेन्द्र सिंह ररी

दिनांक 26.06.2024

**15 दिन में लुटेरे नहीं हुए गिरफ्तार तो कांग्रेस पार्टी करेगी विरोध प्रदर्शन**

हुई है पुलिस विगत दो तीन महीनों मे हुई लुट डकैती एवं चौरी की वारदातों में आज तक कोई अपराधी गिरफ्तार नहीं कर पाई जिसके प्रतित होता है की चौर डकैतों,लुटेरों से पुलिस मिली हुई है लगातार होती घटनाओं से क्षेत्र में आम जन में भय व्याप्त है पुलिस केवल रेत माफियाओं से मिलकर रेत का कारोबार कर रही है आम नागरिकों की सुरक्षा से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है साथ ही जयेंद्र सिंह ने लहार पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन के अंन्दर अपराधियों को गिरफतार नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी पुलिस के खिलाफ आन्दोलन करने को बाध्य होगी

# नयापुरा में घटित हत्या के प्रयास की घटना के चारों आरोपियों को 12 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

***अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट***

*आरोपीगण के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त 12 बोर की लायसेंसी बंदूक भी जप्त की गई*

अम्बाह। फरियादी नाथूसिंह राठौर निवासी ग्राम नयापुरा द्वारा थाना अम्बाह पर आकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 24.06.24 की रात्रि करीबन 10 बजे वह अपने परिजनों के साथ प्लॉट की नींव भर रहा था, तभी गांव के ही 04 आरोपीगणों द्वारा वहां आकर प्लॉट की नींव भरने से फरियादी पक्ष को रोका गया एवं मारपीट, गाली-गलौच की गई तदोपरांत आरोपीगण द्वारा फरियादी पक्ष पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई जिससे फरियादी पक्ष के 04 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना अम्बाह पर अपराध क्रमांक 430/24 अंतर्गत धारा 307, 323, 294, 34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा उक्त अपराध की गंभीरता को देखते हुए एवं अपराध जघन्य प्रवृत्ति का होने से उक्त अपराध सदर के फरारशुदा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने



हेतु निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी अम्बाह को निर्देशित कर टीम का गठन किया गया एवं उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं श्री रवि सिंह भदौरिया, एसडीओपी कुशल मार्गदर्शन थाना प्रभारी अम्बाह द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया, सायबर सेल के माध्यम से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं घायल के परिजनों एवं अन्य ग्रामीणजनों से पूछताछ की गई एवं आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर गठित टीमों के साथ यथासंभव स्थानों पर दबिश दी गई, पुलिस के सक्रिय प्रयासों एवं कडी मेहनत मुशक्कत के फलस्वरूप थाना प्रभारी अम्बाह को मखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण के फरारशुदा आरोपीगणों को नयापुरा गांव के आस-पास देखा गया है एवं आरोपीगण वहां से कहीं और भागने की फिराख में है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी अम्बाह मय हमराह फोर्स मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर जाकर दबिश दी गई तो आरोपीगण पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा एवं उक्त घटना के संबंध में हिकमतअमली से पूछताछ की गई तो उक्त चारों आरोपीगणों द्वारा अपना जुर्म किया गया बाद आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण की निशानदेही में आरोपीगण के घर से उक्त अपराध में प्रयुक्त आलाजरर 12 बोर की लायसेंसी बंदूक जप्त की गई। उक्त लायसेंसी हथियार के शस्त्र निलंबन संबंधी कार्यवाही भी की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका**

, उनि. बालकुमार, लज्जाराम, दिनेश जाट,. लखन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## उप प्रधानमंत्री और देश के सबसे सीनियर नेता में शुमार लालकृष्ण आडवाणी को एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। बीजेपी के लौहपुरुष, पूर्व उप प्रधानमंत्री और देश के सबसे सीनियर नेता में शुमार लालकृष्ण आडवाणी को एम्स में भर्ती कराया गया है. बुधवार देर रात को उन्हें एम्स ले जाया गया है. उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है, आडवाणी के साथ उनके परिवार के और करीबी लोग भी अस्पताल में मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक ओल्ड एज रिलेटेड प्रॉब्लम की वजह से उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है. एम्स के जरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर की निगरानी में उन्हें रखा गया है.एक्सपर्ट डॉक्टरों की देखरेख में फिलहाल लालकृष्ण आडवाणी एक्सपर्ट डॉक्टरों की देखरेख में हैं. उम्मीद है जल्द ही उनके स्वास्थ्य पर अपडेट आएगा. बीजेपी के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी इस समय 96 साल के हैं ।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अब 10 जुलाई को होगी

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-**

**सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में होगा बैठक का आयोजन**

ग्वालियर -/-जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अब 10 जुलाई को आयोजित होगी। इस दिन यह बैठक सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में प्रात- 10 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार में रखी गई है। पूर्व में बैठक के लिये 28 जून की तिथि निर्धारित थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

बैठक में अमृत योजना, जल जीवन मिशन, रेलवे स्टेशन का उन्नयन कार्य, वेस्टर्न बाईपास, यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ते हुए ग्वालियर एक्सप्रेस-वे हाईवे निर्माण, एलीवेटेड रोड़, लोक निर्माण विभाग एवं सड़क विकास निगम के प्रगतिरत कार्य, चंबल नदी पेयजल प्रोजेक्ट एवं रायपुर, वीरपुर व हनुमान बाँध को भरने के लिये निर्माणाधीन फीडिंग कैनाल की समीक्षा होगी। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना, जिला खनिज मद के कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्ययोजना सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा होगी।



# आज समाज में मित्र का दुश्मन मित्र ही बन गया है - पं. रवि तिवारी जी महाराज

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-**

ग्वालियर-- मनुष्य को हमेशा सत्संग को सुनना चाहिए, सत्संग को सुनने से मनुष्य का कल्याण होता है। भगवान का नाम रोज लेने से मनुष्य का कल्याण हो जाता हैं। जो भी मनुष्य सच्चे मन से भगवान का जाप और नाम नहीं लेता है उस मनुष्य का कभी भी कल्याण एवं उद्धार नहीं हो सकता है। हर मनुष्य को भगवान कृष्ण की पूजा करनी चाहिए। ग्वालियर ग्राम दुबका में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. रवि तिवारी जी महाराज ने बताया कि आज समाज में मित्र का दुश्मन मित्र ही बन गया है। आज मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए अपने मित्र की ही हत्या कर देता है। रामायण में भी कहा गया है कि जो मनुष्य अपने मित्र का दुःख देखकर दुखी नहीं होता है ऐसे लोग को देखने से पाप लगता है।

मित्र का धर्म होता है कि अगर उसका मित्र संकट में है तो वह अपने मित्र की रक्षा करें।

भगवान श्री कृष्णा अपने भक्तों की रक्षा हमेशा करते है। मनुष्य को अपने हर कार्य को समय पर करना चाहिए, काम से फुर्सत मिलने पर मनुष्य को भगवान की भक्ति करनी चाहिए जिससे उसका कल्याण हो सकें ।

भगवान छल- कपट करनें वाले मनुष्य की भक्ति को कभी भी पसंद नहीं करते है। हर मनुष्य को विधि के विधान का कर्म भोगना पड़ता है। मनुष्य को किसी भी महिला को गन्दी नज़र से नहीं देखना चाहिए, जो भी मनुष्य ऐसा करता है वो पाप का भागी बनता है इस अवसर पर? समस्त भक्तो ने महापुराण की आरती की ।।

## क्राइम ब्रांच व थाना कंपू पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# यातायात सिपाही के साथ मारपीट करने वाले आरोपी व उसके एक अन्य साथी को शराब में प्रयोग होने वाली ओपी सहित किया गिरफ्तार

**पकड़े गये आरोपियों से बिना नम्बर की काले रंग की बुलेट मोटरसायकिल एवं शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली ओपी की जप्त।**

**पकड़े गये फरार आरोपी रौनक बाथम की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 05 हजार का इनाम घोषित किया गया था।**

ग्वालियर 26.06.2024 । पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को फरारी इनामी बदमाश, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार तथा अवैध शराब की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में आज दिनांक 26.06.2024 को ग्वालियर पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि दो लड़के बिना नम्बर की काली रंग की बुलेट मोटरसायकिल पर एक प्लास्टिक की कट्टी में शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली ओपी लेकर केंसर पहाड़िया से होते हुये अबाड़पुरा की तरफ जाने वाले है। उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्री अखिलेश रैनवाल को क्राइम ब्रांच व थाना कंपू पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एएसपी अपराध श्री आयुष गुप्ता,भापुसे, डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार एवं सीएसपी इंदरगंज श्री अशोक सिंह जादौन के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध निरी0 अजय सिंह पंवार व थाना प्रभारी कंपू निरी0 अमित शर्मा के द्वारा क्राइम ब्रांच व थाना कंपू पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा केंसर पहाड़िया से होते हुये अबाड़पुरा की तरफ जाने वाली रोड़ पर आने जाने वाली गाडियों पर नजर रखी जाने लगी, थोडी देर बाद पुलिस टीम को केंसर पहाड़िया की तरफ मुखबिर के बताये अनुसार बिना नम्बर की काली बुलेट मोटरसायकिल से दो संदिग्ध लड़के आते हुये दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर मोटरसायकिल को वापस लौटाकर भागने का प्रयास किया गया, परन्तु मुस्तैदी से खड़े पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर दोनों लड़कों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनों लड़कों से नाम व पता पूछने पर पहले ने अपना नाम रौनक बाथम पुत्र सुरेश बाथम निवासी गड्डा वाला मौहल्ला, माणिक की गोठ कंपू एवं दूसरे ने अमन शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी ग्राम मछैरा मिहोना जिला भिंड का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा उनके पास से मिली प्लास्टिक की कट्टी को खोलकर देखा तो उसमें शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली ओपी भरी हुई पाई गई। पुलिस टीम द्वारा दोनों के पास से मिली बिना नम्बर की काले रंग की बुलट मोटरसायकिल एवं शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली ओपी को विधिवत जप्त किया गया। थाना कंपू में दोनों तस्करों के विरूद्ध अप0क्र0-320/24 धारा 49(ए),34(1) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पकड़े गये दोनों तस्करों में से रौनक बाथम के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 29.04.2024 को अचलेश्वर मंदिर के पास ड्यूटी कर रहे यातायात सिपाही के साथ गाली गलौच कर मारपीट की गई थी। जिस पर से यातायात सिपाही की शिकायत पर आरोपी रौनक बाथम व उसके अन्य साथियों के खिलाफ थाना कंपू में अप0क्र0-220/24 धारा 353,332,333, 186,294, 506,34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी रौनक बाथम घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 05 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। फरार आरोपी रौनक बाथम की गिरफ्तारी के ग्वालियर पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

***गिरफ्तार आरोपी :*-**

(1) रौनक बाथम पुत्र सुरेश बाथम निवासी गड्डा वाला मौहल्ला, माणिक की गोठ कंपू जिला ग्वालियर।

(2) अमन शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी ग्राम मछैरा मिहोना जिला भिंड।

बरामद माल:- बिना नम्बर की काले रंग की बुलेट मोटरसायकिल एवं शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली 15 लीटर ओपी की जप्त।

*सराहनीय भूमिका*:- उक्त शराब तस्कर को पकड़ने में थाना प्रभारी अपराध निरी0 अजय सिंह पंवार, थाना प्रभारी कंपू निरी0 अमित शर्मा, क्राइम ब्रांच टीम- उनि0 शिशिर तिवारी, आर0 रणवीर शर्मा, देववृत तोमर, देवेश कुमार, सुमित शर्मा, थाना कंपू टीम- उनि0 रूद्र पाठक, उनि0 गुलाब सिंह, देवेन्द्र भगोरिया, प्र.आर0 रामनिवास, आर0 अजब सिंह, समीम खान, शेर सिंह, अनुज जाट, इरशाद, भूपेन्द्र साइबर सेल- प्र.आर. राकेश गुर्जर, आर. अजय राठौर, आर. मनोज भारद्वाज की सराहनीय भूमिका रही है।




# एमआईसी विद्युत प्रभारी ने ली अधिकारियों की बैठक

**स्ट्रीट लाइट की समस्या के निराकरण करने के दिए निर्देश***

**कपिल गोयल/(*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)**

ग्वालियर -:- मेयर इन कांउसिल में विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के प्रभारी सदस्य श्री विनोद माठू यादव ने आज बुधवार को नगर निगम के विद्युत विभाग की बैठक ली तथा शहर में सुचारू स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम मुख्यालय के बैठक सभागार में आयोजित बैठक में उपनेता सत्ता पक्ष श्री योगेन्द्र मंगल यादव, एमआईसी सदस्य श्री शकील मंसूरी, पार्षद श्री अंकित कट्ठल, श्री प्रमोद खरे, श्री मनोज राजपूत, श्रीमती अनीता रामू धाकड, अधीक्षण यंत्री विद्युत श्री कीर्तिवर्धन मिश्रा, नोडल अधिकारी विद्युत श्री रामबाबू दिनकर, स्मार्ट सिटी से श्री सुबोध खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी सदस्य श्री यादव ने शहर में स्ट्रीट लाइटों को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था देख रही एचपीएल कंपनी की टीम के सदस्य प्रतिदिन क्षेत्र में पार्षदों से सम्पर्क करें तथा पार्षद गणों द्वारा एंव अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करायें एवं उनके साथ पूर्व की तरह वार्ड में निगम से भी कर्मचारी रहे। जिससे विद्युत संबंधित समस्या का निराकरण सुगमता से हो सके।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में रात में तो लाइट बंद रहती है और कई क्षेत्रों में दिनभर लाइट जलती है। तो संबंधित एजेंसी के कर्मचारी लगातार निरीक्षण करें और विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण करें। प्रभारी सदस्य द्वारा नगर निगम के विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मांगी। इसके साथ ही विद्युत के स्टोर एवं स्टाफ की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में होगा संपत्तिकर वसूली कैंप का आयोजन



**कपिल गोयल -दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर-/* शहर की व्यापारिक संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स (MPCCI) ने आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चैंबर्स भवन में संपत्तिकर वसूली हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है चेंबर के सदस्यों के द्वारा बताया गया की 27 /6/ 2024 को चैंबर भवन में संपत्ति कर वसूली केप का आयोजन किया जा रहा है जो की प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा उन्होंने आमजन से अपील की है कि आप अपने संपत्ति कर को कैंप में जमा कर होने वाले असुविधा से बचें, चेंबर के सदस्यों के द्वारा नगर निगम आयुक्त से अपील की गई है कि नगर निगम का संपत्तिकर पोर्टल एवं सर्वर लगातार डाउन होने की समस्या देखी जा रही है मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स ने 6त्र के साथ संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि को दो माह बढ़ाने की मांग की है जिससे आमजन को सुविधा एवं राहत मिल सके

# फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सदस्यों के द्वारा ग्रामीणजन को स्वास्थ्य को लेकर किया जा रहा है जागरूक

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-**

ग्वालियर-- फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आरचेस परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों मैं जागरूकता बैठको का आयोजन किया।जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के अधिकार परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता एवं महिला स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई एवं उन्हें परिवार कल्याण से जुड़ने की अपील की गयी। जिसके तहत एच. एस. शर्मा स्टेट एन. एस. व्ही. टी. कॉऑर्डिनेटर द्वारा हितग्राहोयों को जानकारी दी। व उन्होंने बताया की एफ. पी. ए. आई.महिलाओं को




हमेशा स्वास्थय सुरक्षा एवं जागरूकता से जोड़े रखता है। संस्था द्वारा की जा रही आयोजित बैठके परिवार कल्याण कार्यक्रम को ऊपर लाएंगी। साथ ही ग्वालियर के स्वास्थ्य विभाग से डीसीएम श्री एम एस खान जी द्वारा आशा कार्यकर्ताओं की समस्त गतिविधियों एवं क्षेत्र में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रमों का आयोजन शाखा प्रबंधक के मार्गदर्शन से किया जा रहा है।इस प्रोग्राम मैं आरचेस परियोजना से श्री गौरव सिंह,निधि अग्रवाल,अच्छेद्र सिंह कुशवाह उपस्तिथ थे।

# समयमान,वेतनमान, एरियर के प्रकरणों का समय पर निराकरण हो-कलेक्टर श्री मिश्रा



**जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न**

**धार जिला ब्यूरो रघुनाथ सेन**

धार 26 जून 2024/ कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभाग के कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से पूर्व के मांग एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को शेष मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया तथा संबंधित विभाग को समय अवधि में कर्मचारियों के मांग पर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयमान,वेतनमान, एरियर के प्रकरणों का समय पर निराकरण हो जाए। वरिष्ठिता सूची का प्रकशन भी समय पर हो। जिला स्तरीय समिति के साथ-साथ एक उप समिति भी बनाई जाए ।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सविता झानिया, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, विभिन्न कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# आपका नेतृत्व आपके साथ है, किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा- भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौड़ जी

**करही गांव बस्ती में विधायक जी ने चौपाल लगाकर सहरिया आदिवासी समुदाय की सुनी समस्या**

**संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी**

**7354490175 भितरवार रिपोर्ट**

भितरवार। मंगलवार की दोपहर चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच भितरवार के भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौड़ जी ने घाटीगांव ब्लॉक के करही गांव स्थित जनजातीय वर्ग की सहरिया आदिवासी कॉलोनी पर पहुंचे जहां उन्होंने सहरिया आदिवासी जनजाति वर्ग के लोगों के साथ जमीन पर बैठकर चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया कि आपके हर दुख तकलीफ में आपका नेतृत्व आपके साथ है, किसी भी परिवार के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।*

भितरवार विधानसभा क्षेत्र के *भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौड़ जी* द्वारा करही गांव मे लगाई गई चौपाल में सहरिया आदिवासी समुदाय के लोगों की



समस्याएं सुनी तो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया जिसमें करीबन 70 साल से सहरिया आदिवासी समाज के जो लोग अपनी जमीनों पर खेती किसानी करके अपना और अपने परिवार का लालन- पालन करते हुए भरण-पोषण करते चले आ रहे थे। ऐसे 72 लोगों को शासन द्वारा वन अधिकार भूमि पर रेवेन्यू के पट्टे दिए थे, लेकिन कुछ दिन पूर्व वन विभाग द्वारा बलपूर्वक उक्त पट्टे की भूमि से मारपीट करके उपरोक्त परिवारों को भगा दिया गया। साथ ही उक्त परिवारों की बहन बेटियों सहित उनके भाई बांधुओं की मारपीट की जिससे उन्हें चोटें भी आई, तो वहीं पुलिस द्वारा मारपीट से घायल लोगों के खिलाफ उल्टा मुकदमा दर्ज करा दिया गया। घटना के दूसरे दिन ही मामले की जानकारी क्षेत्र के *भाजपा विधायक श्री राठौड़ जी* को लगी तो उन्होंने मुख्यमंत्री जी की वीसी के माध्यम से उक्त सभी 72 परिवारों के वन अधिकार की भूमि पर रेवेन्यू विभाग से जारी किए गए पट्टे की भूमि पर वन विभाग द्वारा बलपूर्वक वेदखली की, की गई कार्रवाई से अवगत कराते हुए। पीड़ित परिवारों पर की गई एफआईआर का विरोध वीसी में मौजूद *प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ श्री मोहन यादव जी एवं चीफ सेक्रेटरी से प्रदर्शित किया*। जिस पर मुख्यमंत्री जी द्वारा वीसी के माध्यम से ग्वालियर कमिश्नर की देखरेख में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन विभाग के डीएफओ आदि की कमेटी बनाने के निर्देश देते हुए सहरिया आदिवासी समुदाय के लोगों पर दर्ज किए गए प्रकरणों की जांच करने एव उक्त घटना को अंजाम देने वाले अधिकारियों की जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दिए। वही जन चौपाल के माध्यम से *विधायक श्री राठौर जी* ने उनकी राशन, पानी, बिजली आदि की समस्याएं सुनते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से उनका समाधान कराया तो वही उन्होंने कहा कि *भारतीय जनता पार्टी का संपूर्ण वरिष्ठ नेतृत्व आपके साथ है।* जिन लोगों के द्वारा आपके ऊपर अन्याय पूर्वक कार्रवाई की है या जानबूझकर कार्यवाही करवाई गई है तो उसे भी नहीं छोडा जाएगा। वही चौपाल के माध्यम से उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनमन योजना के माध्यम से सहरिया आदिवासी परिवारों को दिए जा रहे लाभ और उन्हें प्राप्त करने के संबंध में जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर सरपंच एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनसेवकसाथी सम्मलित रहे!

## मुंगावली के वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद राय और अन्य साथियों ने की चार धाम की यात्रा पूरी

मुंगावली/ नगर के वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद राय और अन्य साथियों ने पिछले पन्द्रह दिनों में चार धाम की यात्रा पूरी कर धर्म लाभ प्राप्त किया, मूलचंद राय पत्रकार होने के साथ साथ समाजसेवी धार्मिक प्रबत्ति के व्यक्ति है।



राय ने बताया की पिछले कई वर्षो से में चार धाम की यात्रा का विचार बनाता रहा परंतु विधि को तब बह मंजूर नहीं था, राय ने बताया कि चार धाम की यात्रा करके एक सुखद अनुभूति प्राप्त हुई है और यह सनातन धर्म की सबसे बड़ी धर्म यात्रा कहलाती है।

मूलचंद राय ने बताया कि चार धाम की यात्रा में थोड़ी बहुत परेशानियां भी आती है परंतु ईश्वर में लीन होकर इस यात्रा की शुरुवात से अंत तक का सफर इस तरह निकल जाता और यह किसी चमत्कार से कम नहीं है, कई स्थानों पर ठंड की जकड़ तो कही बारिश और धूप का साया एक नया अनुभव था, पिछले पन्द्रह दिनों में हमने जीवन का आधार समझा है साथ साथ यह यात्रा से जो कुछ मैंने अर्जित किया है अब बह दूसरो को प्रेरित करने का कार्य भी करेगी।

# पीथमपुर घरेलू गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से दुकान में लगी भीषण आग

धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के अंतर्गत छत्रछाया कालोनी में घरेलू गैस सिलेंडर में विस्फोट के साथ आग लग गई। वही आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। एक बाद एक गैस सिलेंडर में विस्फोट होते रहे है। ऐसे छोटे बड़े क़रीब 6 गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुए है। ग़नीमत रही इस घटना में कोई जनहानी नही हुई है। वही गैस सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा तफ़री का माहौल हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस बल और नगर पालिका टीम टैंकर लेकर आग बुझाने के लिए पहुंच गई। वही उद्योगों की करीब 4 दमकल की गाड़ियों और नगर पालिका के पानी के टैंकरों की सहायता से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। वही मौके पर पहुंचे मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत



शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की छत्र छाया कॉलोनी में खंडेलवाल का मकान है, यहां से गैस रिफिलिंग का कार्य होता था, रिफाइलिंग के दौरान यह हादसा हुआ है। एक के बाद एक धमाके होते रहे करीब 6 सिलेंडर ब्लास्ट हुए हैं। हालांकि किसी के जन हानि होने की सूचना नहीं है, वही ऐसे रहवासी क्षेत्र में रिफिलिंग करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष दूधी ने जानकारी हुए देते हुए बताया कि सूचना मिलते ही, पुलिस मौके पर पहुंच गई करीब 4 दमकल की गाड़ी और पानी के टैंकरों की मदद से नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन और उद्योगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

केसरिया हिन्दुस्तान

# कांग्रेस सरकार ने देशवासियो का भरपूर किया दमनः डॉ राजेश मिश्रा




## लोकसभा में आपातकाल एक काला अध्याय पर आया प्रस्ताव

सीधी।

आपातकाल की विभीषिका पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल इमरजेंसी लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं। जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा में परित आपातकाल के विषय में प्रस्ताव पर कहा कि भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की भारत की पहचान पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद.संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया। ऐसे भारत पर श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोप दी गई, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया।

इमरजेंसी के दौरान आतंकवादियों जैसी दी गई यातनाऐ

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान भारत के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर दिए गए, नागरिकों से उनकी आजादी छीन ली गई। इस दौरान देशभक्तों को आतंकवादियों जैसी यात्राएं दी गई। ये वो दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी थीं और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था। इमरजेंसी का वो समय हमारे देश के इतिहास में एक अन्याय काल था, एक काला कालखंड था। आपातकाल इमरजेंसी लगाने के बाद उस समय की कांग्रेस सरकार ने कई ऐसे निर्णय किए, जिन्होंने हमारे संविधान की भावना को कुचलने का काम किया।

### नागरिकों के मौलिक अधिकारों का किया हनन

सांसद डा राजेश मिश्रा ने कहा कि ऐसा करके नागरिकों के अधिकारों का दमन किया गया और लोकतंत्र के सिद्धांतों पर आघात किया गया। इतना ही नहीं, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमिटेड ब्यूरोक्रेसी और कमिटेड ज्यूडिशियरी की भी बात कही, जो कि उनकी लोकतंत्र विरोधी रवैये का एक उदाहरण है।

### लाखों हिंदुओं की कराई गई नसबंदी

सांसद श्री मिश्रा ने कहा कि इमरजेंसी अपने साथ ऐसी असामाजिक और तानाशाही की भावना से भरी भयंकर कुनीतियां लेकर आई, जिसने गरीबों, दलितों और वंचितों का जीवन तबाह कर दिया। इमरजेंसी के दौरान लोगों को कांग्रेस सरकार द्वारा जबरन थोपी गई अनिवार्य नसबंदी का शहरों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई मनमानी का और सरकार की कुनीतियों का प्रहार झेलना पड़ा। ये सदन उन सभी लोगों के प्रति संवेदना जताना चाहता है। सांसद ने कहा कि1975 से 1977 का वो काला कालखंड अपने आप में एक ऐसा कालखंड है, जो हमें संविधान के सिद्धांतों संघीय ढांचे और न्यायिक स्वतंत्रता के महत्व की याद दिलाता है। ये कालखंड हमें याद दिलाता है कि कैसे उस समय इन सभी पर हमला किया गया और क्यों इनकी रक्षा आवश्यक है। ऐसे समय में जब हम आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं।

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकली सायकल रैली, नशा मुक्त सीधी बनाने का दिया संदेश






सीधी।

बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में जिले भर में नुक्कड़ नाटक, चौपाल, बैनर पोस्टर लगाकर स्कूल कॉलेज मे जाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। जिस तारतम्य में 26जून 2024 को प्रातः सायकल रैली एवं जिले में विभिन्न सार्वजनिक स्थानो स्कूल कॉलेज में नशामुक्ति के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मिली जानकारी के आधार पर नशामुक्ति अभियान के तारतम्य में बुधवार प्रातः 06:00 बजे पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में सायकल रैली का आयोजन किया गया। रैली मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द्र श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक विरेन्द्र कुमरे, टी आई कोतवाली अभिषेक उपाध्याय थाना कोतवाली एवं थाना जमोड़ी, यातायात, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं रक्षित केंद्र का बल शामिल हुआ। रैली पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारम्भ होकर पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए सर्किट हाउस, कलेक्ट्रेट तिराहा, अस्पताल चौक, सम्राट चौक होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए वापस पुलिस परेड ग्राउंड सीधी पहुंची। रैली मे तख्तीयों एवं बैनर के माध्यम से लोगो को नशे का दुष्परिणाम बताते हुए नशा मुक्त होने के लिए अपील की गई। इसके साथ थाना क्षेत्रों में अलग अलग नशामुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. थाना प्रभारी रामपुर नैकिन सुधाशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत रामपुर बाजार एवं ग्राम हत्था में चौपाल लगाकर नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया जाकर उपस्थित लोगो को नशे से दूर रहने की सपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी अमिलिया राकेश बैस के नेतृत्व में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमुरी में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। थाना प्रभारी मझौली दीपक बघेल के नेतृत्व में मझौली महाविद्यालय में, अनुविभागीय अधिकारी कुसमी के उपस्थिति मे छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापको तथा ग्राम छवारी एवं छूही में चौपाल लगाकर वहा उपस्थित लोगो को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया जाकर नशे से दूर रहने की सपथ दिलाई गई।

उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा चौकी प्रभारी सिहावल थाना अमिलिया के नेतृत्व में सिहावल बाजार में चौपाल लगाकर नशे से होने वाले नुकसान एवं नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया जाकर नशामुक्ति हेतु सपथ दिलाई गई। उप निरीक्षक डीडी सिंह के नेतृत्व में यातायात थाना पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहो एवं बाजार मे नशामुक्ति एवं यातायात नियमो के बारे मे बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में शामिल हुये छात्रछात्राओं एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल कॉलेज के छात्र.छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण विभिन्न बीमारी शरीर में घर कर सकती है। नशे की आदत एक बीमारी है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए सीधी पुलिस ने यह पहल की है। सीधी पुलिस ने अभियान का नाम दिया है कि सीधी ने अब ठाना है, नशामुक्त हो जाना है।

## रोजगार मेले में 51 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

सीधी ।जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 26.06.2024 को जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. सीधी में किया गया जिसमें ऑनलाइन 104 एवं ऑफ्लाइन 41 कुल 145 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 51 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि.मि. रीवा में 19, प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र सीधी में 13, एस.आई.एस. सिक्युरिटी सर्विसेज सिंगरौली में 07 एवं निप्युन प्रा.लि.मि. औरंगाबाद में 12 युवक एवं युवतियों का चयन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने जिले में चलाया नशा मुक्त अभियान - 6.60 लाख अवैध मादक प्रदार्थ किया जप्त, 3 मामले दर्ज



सीधी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले भर में जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ अवैध मादक प्रदार्थो के परिवहन भण्डारण एवं विक्रय करने वालो एवं सार्वजनिक स्थलो पर इसके सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 3 अलग.अलग मामलो में कार्यवाही करते हुये 6 लाख 60 हजार रूपए कीमती 33.670 किग्रा. गांजा जप्त कर दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।

मिली जानकारी के आधार पर चौकी प्रभारी बम्हनी सउनि नीरज साकेत को मुखबिर कि सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चौफाल पवाई का मोतीलाल सिंह गोड उर्फबोरा अपने घर के पीछे खेत में हरे गांजा के पेड़ लगाकर रखे है, जो बेचने के फिराक में है। सूचना से चौकी प्रभारी बम्हनी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर उनके निर्देशानुसार स्वयं के नेतृत्व में मुखबीर के बताये स्थान पर कार्यवाही हेतु रवाना हुए। मौके से पहुँच कर संदेही से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम मोतीलाल सिंह गोड उर्फबोरा पिता सम्हन सिंह गोड उम्र 59 वर्ष ग्राम चौफाल पवाई का रहने वाला बताया। उसके बाद संदेही मोतीलाल सिंह के घर के पीछे खोजबीन की गई जो हल्दी वाले खेत के बीच में एवं खेत में अलग अलग स्थानों में गांजा के जैसे हरे पेड़ पाये गये जिनकी गिनती करवाई गई तो कुल 131 गांजा के हरे पेड पाये गये। सभी 131 नग गांजा के पेड इकठ्ठा कर वजन कराया गया जो कुल बजन 31 किलो 170 ग्राम कीमती 623400ध्रूपये का होना पाया गया। जिसे जिप्त किया जाकर आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने से अपराध कायम कर आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया जाकर वैधानिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उपरोक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चुरहट निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बम्हनी सउनि नीरज साकेत, राजेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह, संजय अहिरवार, आरक्षक रजनीश द्विवेदी, सुशील कुमार सैनिक उमाशंकर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य राजेश द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इसी क्रम मेकं चौकी प्रभारी पोंडी सहायक उप निरीक्षक जयनारायण श्रीवास्तव द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर कुसमी मेन रोड़ आम के पेड़ के नीचे पहुंच कर रेड कार्यवाही की गयी। जहॉ एक व्यक्ति मिला जिसके कब्जे एक प्लास्टिक के बोरा में 2 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 30,000 मिला नाम पता पूछने पर अपना नाम शंकर यादव पिता दादुलाल यादव उम्र 35 साल निवासी अमगांव थाना कुसमी का होना बताया है। आरोपी का यह कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कब्जे पुलिस लिया आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुसमी उनि भूपेश बैस, सहायक उप निरीक्षक जय नारायण श्रीवास्तव चौकी प्रभारी पोड़ी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र रावत, प्रधान आरक्षक संदीप पाठक, आरक्षक उमेश द्विवेदी, आरक्षक नितेश सिंह, जगदीश शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

# आबकारी ने 120 किलो महुआ लाहन एवम 10 लीटर शराब की जप्त

सीधी।



बुधवार को कलेक्टर के निर्देशन मे एवं जिला आबकारी अधिकारी सत्येन्द्र सिंह परिहार के मार्गदर्शन में अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर आबकारी विभाग द्वारा जयसेन भुजवा के रिहायशी मकान से 15 किलो महुआ लाहन, गांव कुबरी में सुखलाल साकेत के रिहायसी मकान से 30 किलो महुआ लाहन, गांव कुबरी मे दशोमत जायसवाल के रिहायशी मकान से 75किलो महुआ लाहन व 10 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34/1 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। की गई कार्यवाही में कुल 120 किलो महुआ लाहन एवम 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 13500 रुपए बताई जा रही है।

औचक निरीक्षण एवं छापामार कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सीधी आबकारी उप निरीक्षक गोकुल प्रसाद मेघवाल, प्रधान आरक्षक श्यामबहादुर सिंह, आरक्षक गौरव उपाध्याय, कमाल नारायण मौर्य, संजय भारती, नगर सैनिक राजबली शर्मा, अशोक तिवारी, श्रीमती मानती देवी का सराहनीय योगदान रहा।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

सीधी।



भुईमाड़ थाना अंतर्गत धोरबंधा निवासी बबलू यादव पिता स्व.सीताराम यादव उम्र 30 वर्ष मंगलवार को ट्रैक्टर लेकर जुताई करने जा रहा था। जिस दौरान धोरबंधा स्कूल से आगे ट्रैक्टर बैक करते समय अनियंत्रित होकर पलट गया और लुढ़क कर बांध के समीप जा पहुॅचा। इस दौरान वाहन चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामींणो ने उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी। जहॉ पुलिस घटना स्थल पर पहुॅच कर साक्ष्य संकलन करते हुए शव का पीएम कराया और अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया।

# महिला केन्द्रित विषयों पर 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

सीधी

भारत सरकार मंत्रालय महिला एवं बाल विकास द्वारा संकल्प.हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफवूमेन दिनांक 21.06.2024 से 04.10.2024 तक महिला केन्द्रित विषयों पर 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय कर विभिन्न शिविरों, पंजीयन अभियान, सार्वाजनिक बातचीत, कार्यशाला, सेमीनार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष आऊटरीच साप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन कैलेण्डर अनुसार किया जाना है।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी/नगर पंचायत परिषद चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली को निर्देशित किया है कि उक्त अभियान में परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना की आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। गतिविधियों की साप्ताहिक रिपोर्ट्स फोटोग्राफ्स सहित ईमेल ूबकेपक/दपबण्पद पर प्रेषित करें जिसे संकल्प हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफवूमेन डैशबोर्ड पर अपलोड कराया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया है कि संकल्प हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफवूमेन अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान समय बद्ध एवं प्रभावी तरीके से आयोजित कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।



# ऑपरेशन जागृति दिलाएगा महिलाओं को अधिकारः धनंजय सिंह कुशवाहा

## सोच समझ कर कदम उठाए मीठी बातों के झांसों में ना आए

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा ऑपरेशन जागृति के अभियान के तत्वाधान में अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जॉन श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के जागरूकता वास स्वावलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में गोष्ठी आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं छात्र-छात्राओं तथा क्षेत्र के गढ़मान्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनको जागरूक किया अभियान के दौरान बताया गया




की महिलाओं और बालिकाओं को मोहरा बनाकर लोग झूठे मुकदमे दर्ज करा देते हैं जबकि मामले पारिवारिक विवाद भूमि विवाद नाली विवाद आदि के होते हैं ऐसे में परिवारों में दुश्मनी बढ़ती है और साधारण अपराध गंभीर महिला अपराध में परिवर्तित हो जाते है। महिलाएं जागरूक हो रही हैं अब इस कुप्रथा का विरोध करें ना तो खुद झूठे मामले दर्ज कराये न ही किसी के बहकावे में आकर इसका हिस्सा बने यदि महिलाओं के साथ कुछ गलत हुआ है तो पुलिस उनका साथ देगी और अपराधी को सजा भी दिलाएगी इसलिए सच का साथ दें और झूठ को पनपने से रोके साइबर अपराध आदि के बारे में भी जागरूक किया उन्होंने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप इंस्टाग्राम फेसबुक आदि के प्रयोग में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने की जरूरत है हिंसा से पीड़ित महिलाओं व किशोरियों को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना एवं पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूकता भी बहुत बड़ी जरूरत है।

### *महिलाओं के अधिकारों के प्रति किया जागरूक*

जन समुदाय को झूठे मुकदमों से होने वाली छत के बारे में समझाया ऐसे मामलों में विशेष कर महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून के दुरुपयोग एवं शोषण को पहचानें तथा इसके अतिरिक्त आज तकनीक के दुरुपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुकिंग के मामले भी सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहतर आवश्यकता है ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार ना बने भावनाओं में भयकर अपना जीवन बर्बाद न करें यदि उनके साथ किसी भी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाए और विधिक कार्रवाई के साथ उनका परामर्श सहयोग और पुनर्वास का मौका मिल सके।

# गम्भीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर पैनी नजर रखते हुए करें प्रभावी कार्यवाही - डीआईजी

दैनिक केसरिया

हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो

गिरवर सिंह कि रिपोर्ट




झाँसी। पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज के जनपद झांसी, जालौन व ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें महिला सम्बन्धी अपराधों, विभिन्न संगीन अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा 01 अगस्त से लागू होने वाले तीन नए कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023) के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। डीआईजी द्वारा अपराध समीक्षा बैठक से पूर्व रेन्ज के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के साइबर थाना, क्राइम ब्रान्च, एएचटी(एंटी हयूमन ट्रेफिकिंग) के विवेचनाधिकारियों का अर्दलीरूम (ओ.आर) कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण/समयवद्ध शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर क्राइम जनपद झाँसी आलोक अग्रहरि, क्षेत्राधिकारी अपराध जनपद जालौन राम सिंह, प्रभारी क्राइम ब्रान्च जनपद जालौन निरीक्षक बी.डी. उमराव व विवेचकगण मौजूद रहे। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी राजेश एस., पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईरज राजा, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, जेडओ आर.के सिंह, एलआईयू प्रभारी नीरज दीक्षित, अभियोजन विभाग के जे.डी जगत नारायण बघेल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।



## शंकर पुर में विघुत केबिल में बधें कपड़े

कुठौंद जालौन! ग्राम पंचायत शंकरपुर में मैन गली में लगी केबिल कई खम्बों में लगी केबिल में कपड़े बंधे हुए हैं जिससे बरसात के समय कभी भी हो सकती है बड़ी घटना इसलिए ग्राम शंकरपुर निवासी अतुल दुबे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार समाचार पत्र के माध्यम से इस खबर को प्रकाशन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग को कई बार सूचित कर चुके हैं लेकिन आज तक केबिल का शुद्धिकरण नहीं किया गया! शकरपुर पुलिस चौकी के बगल वाले रास्ता में खम्बों में लगी केबिल जिसमें कपड़े बंदे नजर आ रहे हैं! बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है अब इसमें कभी भी खतरा उत्पन्न हो सकता है! इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि इस केबिल को जल्द से जल्द बदल जाए ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके!

## नल पर पानी लेने गई किशोरी से छेड़छाड़ प्राथमिकी दर्ज

*स्थानीय सम्पादक केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा थाना अलीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरोली रतनपुर में नल पर पानी भरने गई किशोरी से पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने इशारे से बुलाकर छेड़छाड़ की आपको बताते चले की किशोरी मुश्किल से छूट कर अपने घर



पहुंची किशोरी ने अपने पिता भारत सिंह को बताया तो उन्होंने पड़ोस के ही रहने वाले निर्दोष सचिन पुत्रगढ़ राजीव कुमार के घर जाकर के बताया तो निर्दोष के परिवारी जनो ने युवती के परिवारी जनों को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित भारत सिंह ने थाना अलीगंज पर आकर के प्रार्थना पत्र देकर के न्याय की गुहार लगाई तेजतर्रार थाना प्रभारी अमित कुमार ने दोषियों के खिलाफ धारा 354,324,504,506,7/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की।

## हत्या में वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। एक सप्ताह पूर्व छाता के गांव तरौली जनूबी में वीरेन्द्र की लाठी-डंडों से की गयी पीट-पीट कर हत्या की घटना में वांछित पांच हत्यारोपियों को पुलिस ने आलाकत्ल एक डण्डा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। छाता प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि 19 जून को



छाता के गांव तरौली जनूबी में वीरेन्द्र पुत्र राजेन्द्र की नामजदों ने लाठी-डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। छाता पुलिस और सर्विलांश टीम ने अहूरी चौराहे से हत्या के मुकदमें वांछित प्रभू पुत्र बाल किशन उर्फ बालो निवासी बवरोद थाना अछनेरा जिला आगरा, सूरज पुत्र ऊधम सिह निवासी नौगांव थाना छाता, हेमन्त उर्फ रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नौगांव थाना छाता, राहुल पुत्र बच्चू सिंह निवासी नौगांव थाना छाता, प्रदीप पुत्र कन्हैया निवासी नौगांव थाना छाता को गिरफ्तार किया गया है। प्रभू पुत्र बाल किशन उर्फ बालों की निशादेही से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद डण्डा को बरामद किया गया है।

## रोहट ओर पाली के अधिकारी सोए हुए हैं कुंभकरण की नींद में

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रोहट से रिपोर्टर चंद्राराम भाटी की रिपोर्ट




रोहट उपखंड क्षेत्र के गांव झीतड़ा में अवैध तरीके से विद्यालय संतालित होन की सूचना पिछले 6 वर्षो से चल रहा है अवैध विद्यालय शिक्षा विभाग को भनक तक नहीं शिक्षा विभाग रोहट व पाली मामले को ले संज्ञान में सवाल बच्चों के भविष्य का इतनी बड़ी लापरवाही और किसके आशीर्वाद से चल रही है ये स्कूल झीतड़ा

# ट्रिपल मर्डर के मुख्य आरोपीगण दमोह पुलिस की गिरफ्त में

दिनांक 26 जून 2024 राजेश कुमार पटेल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दिनांक 24.6.2024 को फरियादी राहुल विश्वकर्मा द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि फरियादी के मामा रमेश का लड़?का उमेश विश्वकर्मा एवं ममेरे भाई विकास विश्वकर्मा को आरोपी गोलू उर्फ विजय विश्वकर्मा, राजाबाबू विश्वकर्मा, सजल विश्वकर्मा एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा पिस्टल से गोली मारकर दोनो की हत्या कर दी व आरोपीगण दिनांक वक्त घटना से फरार हो गये जिस पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 500/24 धारा 307, 302, 341, 34 ताहि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

इसी क्रम में फरियादी रवि विश्वकर्मा पिता राम गोपाल विश्वकर्मा उम्र 54 साल नि0 बासा तारखेड़ा याना दमोह देहात ने रिपोर्ट लेख कराई कि मेरे भाई रमेश विश्वकर्मा को आरोपी सजल विश्वकर्मा, राजा विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा सभी निवासी बांसा, तारखेड़ा एवं अन्य के द्वारा तलवार से गले व हाथ में कई वार कर एवं गोली मार कर हत्या कर दी गई है आरोपीगण घटना के बाद से ही आरोपी फरार है जिस पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक



501/24 धारा 307, 302, 341, 34 ताहि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक, सागर रेंज सागर श्री प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुनील कुमार जैन सागर जोन सागर के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के सतत् निर्देशन में तथा अति. पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा के कुशल नेतृत्व में टीमों का गठन कर फरार आरोपियो की पतारसी एवं धरपकड़ हेतु रवाना किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी, थाना प्रभारी दमोह देहात रविन्द सिंह बागरी एवं थाना प्रभारी कोतवाली आनंद सिह के द्वारा गठित टीमों को फरार हुये आरोपियों के मिलने के संभावित स्थानो पर रवाना किया गया। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य व सायवर सेल टीम की मदद से घटना कारित करने वाले आरोपियों में से 03 मुख्य आरोपियो को तलाश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। घटना क्रम से संबंधित प्रत्येक पहलू पर पूछताछ जारी है एवं अन्य फरार आरोपियो की पता तलाश हेतु टीमें लगातार कार्यरत् है।

### अभिरक्षा में लिये गये आरोपीगण :-

1. राजाबाबू पिता लखन विश्वकर्मा उम्र 28 साल निवासी बांसा तारखेड़ा जिला दमोह

2. गोलू विजय विश्वकर्मा पिता स्व. नंद किशोर उम्र 43 वर्ष निवासी बांसा तारखेड़ा जिला दमोह

3. राजेन्द्र पिता रामलाल विश्वकर्मा उम्र 56 साल निवासी बांसा तारखेड़ा जिला दमोह

### फरार आरोपी :-

सजल पिता लखनलाल विश्वकर्मा उम्र 22 साल निवासी बांसा तारखेड़ा जिला दमोह एवं अन्य

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारीगणः-

थाना प्रभारी दमोह देहात एवं उनकी टीम, थाना प्रभारी कोतवाली एवं उनकी टीम, थाना प्रभारी हटा एवं उनकी टीम, सायवर सेल टीम, दमोह




## निर्माणाधीन परियोजनाएं समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराएः जिलाधिकारी नेहा प्रकाश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 26 जून । जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने ककोर स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा जनपद में संचालित योजनाओं के कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं निर्माणाधीन है उनका मानक व गुणवत्ता के साथ शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा नवनिर्मित परियोजनाओं के हस्तांतरण की कार्रवाई कराना सुनिश्चित करें जिससे योजनाओं/परियोजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके। बैठक में समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि जो आवास /भवन बनकर तैयार हो चुके हैं उनको शीघ्र नियमानुसार हस्तांतरण की कार्रवाई कराये तथा जलापूर्ति, सीवर लाइन एवं आवागमन के रास्तों को भी शीघ्र पूर्ण किया जाये जिससे भवनों के आवंटन के उपरांत आमजन को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिस स्तर पर भी कार्यों में अवरोध उत्पन्न हो रहा है उसे प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराते हुए कार्य को समय रहते पूर्ण करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल, निर्माणदाई संस्था व आवास विकास परिषद के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# फरियादियों की सेवा के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले रहेंगे : सुशील कुमार सिंह




कालपी (जालौन )

अनुज शर्मा चीफ जालौन

नवागंतुक उप जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के मनसा के तहत फरियादियों की शिकायत सुनकर निस्तारण करवाना तथा सरकार की योजनाएं पात्र लाभार्थी को उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

बुधवार के दिन तहसील कालपी में कोच तहसील से तबादले पर आए तहसील कालपी के नवांगतुक उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करते हुए अवगत कराया कि जनपद कानपुर देहात के मूल निवासी हूं इस तहसील पर तहसीलदार के पद में रहकर जनता की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ था वही माह जून वर्ष 2023 में तहसीलदार से उप जिलाधिकारी के पद पर प्रोन्नति हुई थे तभी से कोच तथा अन्य तहसीलों में जनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ था वही वेदव्यास जन्म स्थली पर पुनः एसडीएम के पद पर तैनाती हुई है मुझे दोबारा यहां की जनता की सेवा करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है मैं जनता के लिए सदैव सेवा में समर्पित रहूंगा मेरे रहते हुए तहसील की समस्याओं से किसी भी फरियादी की समस्या को आड़े नहीं आने दूंगा उन्होंने यह भी अवगत कराया तहसील कालपी में रहकर मुझे सब जानकारी पहले से है जब तक मेरा अन्न जल है तब तक आपकी सेवा में सदैव समर्पित रहूंगा।



## कृषि उपज मंडी दमोह में 15 जुलाई को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन

विधायक श्री मलैया की अध्यक्षता में जनपद सभागार में बैठक संपन्न

दमोह ꞉ 26 जून 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर

जनपद पंचायत दमोह के सभाकक्ष में पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया की अध्यक्षता में सामूहिक विवाह/निकाह आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि म.प्र. की निवासी कन्या जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, सम्मेलन में सम्मिलित हो सकतीं है। आवेदन 08 जुलाई 2024 तक जनपद पंचायत दमोह में जमा किये जायेंगे। जनपद पंचायत दमोह के अतिरिक्त म.प्र. के अन्य ग्रामीण/नगरीय निकाय की कन्या का आवेदन संबंधित जनपद पंचायत/नगर पालिका के प्रमुख की अनुशंसा के बाद जनपद पंचायत दमोह में जमा हो सकेंगे। वर-वधू की समग्र आईडी में ई-केवायसी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ कन्या एवं वर की समग्र आईडी, आधार कार्ड, उम्र प्रमाण हेतु अंकसूची/ स्थानांतरण प्रमाण पत्र/ वोटर कार्ड/ चिकित्सक का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यकता होने की स्थिति में तलाक का न्यायालयीन आदेश संलग्न करना अनिवार्य है। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल ठाकुर, एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी, साजिद रिजवी, विवेक अग्रवाल, राजू नामदेव, रीतेश सोनी, काजी शाहिद अली, संतोष रोहित, मनीष तिवारी, कमल सिंह (राजू ठाकुर), पार्षद कपिल सोनी, सीएमओ प्रभारी नगर पालिका रितु पुरोहित, सीएमओ हिण्डोरिया, परियोजना अधिकारी कपिल खरे, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास (शहरी एवं ग्रामीण), समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं मण्डी सचिव उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने टीकाकरण सत्र पर फीता काटकर किया उद्घाटन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 26 जून । सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया के द्वारा 50 शैय्या जिला चिकित्सालय में स्थापित टीकाकरण सत्र पर फीता काटकर उद्घाटन करने के साथ-साथ साफ - सफाई, बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर विटामिन ए संपूरक कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि वह अपने 09 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को उक्त अभियान के तहत निकटतम टीकाकरण सत्रों पर जाकर विटामिन ए की दवा अवश्य पिलाएं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई एवं जनता को अभियान एवं उसके महत्व के संबंध में महत्व अवगत कराया गया कि 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को छ्माह के अंतराल पर विटामिन ए की दवा पिलाने से रतौंधी रोग से बचाव तथा बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता वृद्धि होती है एवं जन्म के तुरंत बाद 1 घंटे के अंदर एवं 6 माह तक केवल स्तनपान तथा घेंघारोग से बचाव/ बुद्धि विकास हेतु आयोडीन युक्त नमक, डायरिया से बचाव हेतु ओआरएस एवं



जिंक टेबलेट का प्रयोग किया जाए। जिससे बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि एवं रतौंधी तथा कुपोषण आदि से बचाव किया जा सके। डॉक्टर राकेश सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त अभियान दिनांक 26 जून 2024 से प्रारंभ होकर एक माह तक चलेगा जिसमें जनपद का कुल लक्ष्य- 170086 है, जिसमें 09 से 12 माह तक 19275 बच्चें, 01 वर्ष से 02 वर्ष तक 36568 बच्चें, एवं 02 से 05 वर्ष तक के 114244 बच्चों विटामिन ए की दवा पिलाई जाने का लक्ष्य है, जिन्हें बुधवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले नियमित टीकाकरण वी0एच0 एन0डी0 सत्रों पर ए एन एम के द्वारा आशा एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से पूर्व में तैयार लिस्ट के आधार सभी 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाने के साथ-साथ कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनका उपचार हेतु संदर्भित किया जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य व अन्य विभागों के जनपदीय अधिकारियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# 1975 का आपातकाल अलोकतांत्रिक और इतिहास का काला अध्याय - मेजर अनिल सिंह

## दंभ से भरी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने संविधान की मर्यादा को किया तार तार,अभिव्यक्ति की आजादी का घोंटा था गला – कृष्ण बिहारी जायसवाल*

*देबाशीष गांगुली (संभागीय ब्यूरो सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

बैकुंठपुर। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 25 जून को भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में आपातकाल के काला दिवस पर गोष्टी का आयोजन किया गया । आयोजन के प्रभारी मेजर अनिल सिंह मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे । गोष्टी के मंच का संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता के द्वारा करते हुए प्रभारी मेजर अनिल सिंह का स्वागत परिचय कराया गया । तत्पश्चात जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के समक्ष गोष्टी पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा की 25 जून 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का वो काला अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपातकाल के दौरान इस देश के आम लोगों को, लोकतंत्र के तमाम स्तंभों को बड़ी यातना से गुजरना पड़ा था । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी यातना दी गई। जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस की इंदिरा सरकार के अहंकारी दमनकारी करतूत पर रचित 1975 के आपातकाल को बताते हुए कहा की कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने पद पर अयोग्य घोषित होने के बाद लोकतंत्र की हत्या करते हुए सारे नियम,कानून और संविधान को दरकिनार करते हुए अपने पद पर बने रहने के लिए सभी राजनैतिक विपक्षी दलों,पत्रकारों,आम नागरिकों को आपातकाल लगा कर जेल में बंद करवा दिया था । प्रेस संस्थानों में आग लगा दी गई थी । इस देश के संविधान को क्षत विक्षत करते हुए कानूनों में ऐसे संशोधन किए गए थे जिससे समूचे राष्ट्र का नुकसान था । जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी ने कहा की










25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। जो की स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया । प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया।जो भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि थी । जिसे भारतीय जनता पार्टी और देश हर नागरिक समय समय पर और प्रत्येक वर्ष इस काले अध्याय आपातकाल की बरसी के रूप देश और समाज को अवगत कराते रहेगा और कांग्रेस की ऐसी कुरीतियों से आने वाली पीढ़ी को जागरूक करता जायेगा ।

### मेजर अनिल सिंह ने आपातकाल काले अध्याय पर गोष्टी को किया संबोधित

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून, 1975 में भारत पर थोपे आपातकाल के आज 50 साल पूरे हो गए, आपातकाल की 50वीं बरसी पर गोष्टी के प्रभारी मेजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है.लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल ,जो प्रतीक है असफलता की कुंठा से उपजे अहंकार और दमन के कुचक्र का । 1975 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था, तब मां भारती की साहसी संतानों ने ही कड़ा प्रतिरोध किया और यातनाएं सहकर भी लोकतंत्र को पुनः स्थापित किया ऐसे लोकतंत्र लिए समर्पित सभी विभूतियों को मैं शत शत नमन करता हूं । श्री सिंह ने कहा की उन दिनों आपातकाल के दौरान मैंने भी 6 माह की यातनाएं झेला हूं । तत्पश्चात एक कांग्रेसी नेता को जमानत देने पर मुझे भी जमानत मिली मामले के दौरान मैं भी कांग्रेस की कुंठा करतूत और कुरीतियों से बचने 6 माह घर का त्याग किया था । कार्यकर्ताओं के समक्ष आपातकाल के 21 महीनों के एक एक दिन के अत्याचार और क्रूरता षण्यंत्र और साजिश पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा की 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की संसद सदस्यता के चुनाव को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया गया था. इस पर इंदिरा गांधी बौखला गई और उन्होंने आनन फानन में 25 जून की रात को देश में आपातकाल लगा दिया. यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक लागू रहा. चुनाव रद्द होने के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा नही दी और जबरन आपातकाल लगाकर 2 साल तक सत्ता में बनी रहीं जिसके बाद देश में कांग्रेस की इंदिरा सरकार के विरोध की लहर तेज़ हो गई जिसे देख प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। चुनाव में आपातकाल लागू करने का फ़ैसला कांग्रेस के लिए घातक साबित हुआ। खुद इंदिरा गांधी अपने गढ़ रायबरेली से चुनाव हार गईं। जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। संसद में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 पर सिमट गई और 30 वर्षों के बाद केंद्र में गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। नई सरकार ने आपातकाल के दौरान लिए गए फ़ैसलों की जाँच के लिए जांच आयोग गठित की गई। हालाँकि नई सरकार दो साल ही टिक पाई और अंदरूनी अंतर्विरोधों के कारण 1979 में सरकार गिर गई। और इस तरह इंदिरा गाँधी द्वारा देश में लगाया गया आपातकाल भारत के राजनीतिक इतिहास की एक अमित घटना बन गई। गोष्टी में मुख्य रूप से प्रभारी मेजर अनिल सिंह,बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े,जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,शैलेश शिवहरे,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे,उपाध्यक्ष राजेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,विमलकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शिवशरणप्पा के हाथों धर्मनगरी चित्रकूट की कमान

### नवागत डीएम ने चित्रकूट का संभाला कार्यभार

*ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय*

चित्रकूट - जनपद चित्रकूट में नवागन्तुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 आज जिला कोषागार पहुंच कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। नवागंतुक जिलाधिकारी 2015 बैच के आईएएस हैं एव मूलतः कर्नाटक बैगलोर के निवासी हैं जिलाधिकारी 2016 में असिस्टेंट कलेक्टर जौनपुर, 2017 ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ग़ाज़ीपुर , 2019 में सीडीओ देवरिया और 2021 से कानपुर नगर आयुक्त रहे। नवागंतुक जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन मानस को किस तरह से लाभ मिले यह मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी, उन्होंने यह भी कहा कि जो आम जनमानस की समस्याएं जनसुनवाई आदि के माध्यम से प्राप्त होगी उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा। तत्पश्चात नवागंतुक जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार, आईजीआरएस कक्ष, भूमि अध्यापति पटल, न्याय सहायक, ईआरके, आयुध सहायक, राजस्व अभिलेखागार, नजारत, कोषागार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय, न्यायिक कार्यालय, नमामि गंगे कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा संचालित रहनी चाहिए एवं जो नकल जारी होते हैं उसकी रेट सूची भी चस्पाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, नमामि गंगे बंदिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों सहित कलेक्ट्रेट एवं कोषागार के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 26 जून । जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि प्रगति पुस्तिका में अजीतमल,ऐरवाकटरा एवं भाग्यनगर की परियोजनाओं का डाटा खराब स्थिति में है। उन्होंने संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को मीजिरिंग, टीएचआर, सीबीई एवं वीएचएसएनडी आदि की फीडिंग को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों/भवनों को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा मानक एवं गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराते हुए विभाग को हस्तांतरण कराने हेतु खंड विकास अधिकारियों व ग्राम प्रधानों को कहा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्मित होने वाले 45 आंगनबाड़ी केन्द्रों को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान उनका एक सप्ताह में लेआउट कराकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये कि परियोजना के अन्तर्गत सैम बच्चों को अधिक से अधिक एन0आर0सी0 पर संदर्भित कराये, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार वर्मा,जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल, समस्त खण्ड विकास अधिकारी,आशीष शुक्ला मण्डल समन्वयक यूनसेफ,समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, ग्राम प्रधान/सचिव, ब्लॉक समन्वयक एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।




# भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**भोजपुर।**

वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बुधवार को निरीक्षक अपराध रविन्द्र कुमार नैन थाना भोजपुर द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त आसिफ पुत्र शकील निवासी ग्राम मिलक सरदार नगर थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया

# अधिकारी शासन द्वारा निर्गत आदेशों काड्ड शत-प्रतिशत अनुपालन पूर्ण करते हुए संचालित योजनाओं की प्रगति में वृद्धि लाएं - मंडलायुक्त

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो**

**गिरवर सिंह कि रिपोर्ट**

झाँसी। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा बैठक नवीन आयुक्त सभागार में आयोजित की गई। इसके उपरांत विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील एवं विकासखंड स्तरों पर संबंधित उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी एक दिन निर्धारित कर अभियान के तौर पर समाज कल्याण एवं अन्य लाभार्थिपरक योजनाओं के आवेदनों के सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लक्षित परियोजना की प्रगति पर निर्देश दिए गए की संबंधित कार्यदाई संस्थाओं से परियोजनाओं की प्रगति संबंधी प्रमाण पत्र संबंधित ग्राम प्रधानों से प्राप्त करने के उपरांत ही संस्था को भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करें। कौशल विकास की समीक्षा में आयुक्त ने निर्देश दिए की विभागीय अधिकारी अन्तर विभागीय समन्वय के साथ कुशल युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मुहैया कराएं, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। पशुपालन विभाग की समीक्षा के अंतर्गत आयुक्त महोदय ने संबंधित



अधिकारी को निर्देश दिए कि गौशालाओं की देखरेख में समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वर्मी कंपोस्ट के कार्यों में प्रगति लाएं, इसके साथ ही गौशालाओं की सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान आकर्षित किया जाए। वन विभाग की समीक्षा के अंतर्गत आयुक्त ने निर्देश दिए कि आगामी वन महोत्सव के आयोजन में जनप्रतिनिधियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए, इसके साथ ही वनीकरण के अंतर्गत रुपए गए पौधों का संरक्षण संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक पूर्ण करें, जिससे रोपित पौधे जीवित रह सकें। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों के शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि लाएं, जिससे विद्यार्थियों की अध्ययन में रुचि बढ़ सके। बैठक में आयुक्त ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए की अधिकारी शासन द्वारा निर्गत आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन पूर्ण करते हुए संचालित योजनाओं की प्रगति में वृद्धि लाएं, जिससे पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शराब माफिया, भू-माफिया, परिवहन माफिया, खनन माफिया, जुआ-सट्टा माफिया एवं वन माफियाओं का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध प्राथमिकता के साथ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही पूर्ण करें। मंडलायक ने मंडल क्षेत्र में गुंडा एक्ट के प्रकरण की समीक्षा के अंतर्गत निर्देश दिए कि गुंडा एक्ट के मामलों में शासनादेश में प्रविष्ट बिंदुओं के आधार पर ही कार्रवाई की जाए जिससे, जिससे अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पूर्ण रूप से नियंत्रण स्थापित हो सके। उन्होंने प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत निर्देश दिए कि आबकारी विभाग शराब माफियाओं विरुद्ध और अधिक प्रगति के साथ कार्य करें जिससे अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से अंकुश लग सके। विद्युत विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्रवर्तन की कार्रवाई के अंतर्गत विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई पूर्ण की जाए।मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी ललितपुर अक्षय त्रिपाठी, अपर आयुक्त प्रशासन महेंद्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस0, पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईरज राजा, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मु0 मुस्ताक, संयुक्त विकास आयुक्त ऋषिमुनी उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी झांसी जुनैद अहमद मुख्य विकास अधिकारी जालौन शिवाकांत द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर कमलाकांत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मथुराः पेप्सी के कर्मचारी की गोली मार कर हत्या

### एसएसपी ने हत्या के खुलासे को लगाई पांच टीमें

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। छाता कोतवाली के पास मंगलवार देर रात बाइक सवार पेप्सी कंम्पनी कर्मी की बदमाशों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। युवक अपने दोस्त के साथ ड्यूटी खत्म कर बाइक पर पीछे बैठ कर घर जा रहा था। बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। घटना से हाईवे पर सनसनी फैल गयी। सूचना पर एसएसपी सहित कई थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार छाता कोतवाली क्षेत्र के सिंगू थोक निवासी 40 वर्षीय प्रेम सिंह चौधरी अपने साथी रत्न सिंह के साथ पेप्सी कम्पनी से ड्यूटी करके घर लौट रहा था। छाता कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर आगरा-दिल्ली हाईवे पर होटल टॉप मोस्ट के सामने पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने प्रेम सिंह के सिर पर असलाह सटाकर गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना रत्न सिंह ने प्रेम के परिवार व पुलिस को दी। पुलिस मृतक को केडी मेडिकल कॉलेज में ले गई। वहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय व एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने घटनास्थल का मुआयना किया। एसएसपी ने बताया कि हत्या के खुलासे को पांच टीमों को गठन किया गया। हाईवे पर घटना स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज देखें जा रहे है। पुलिस टीम हर एंगल से जांच कर रही है। जल्दी ही बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# महापौर विनोद अग्रवाल ने मथुरा के विख्यात 6 लोगों बनाया ब्रांड एम्बेसडर

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। मथुरावृन्दावन नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र के विख्यात महानुभावों को महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। शैलजाकांत मिश्रा उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष, कन्हाई चित्रकार पद्मश्री प्राप्त चित्रकार ,किशन चौधरी शिक्षाविद, सुनील शर्मा कल्याण करोति, सुनील अग्रवाल समाजसेवी और राम बल्लभ शर्मा कला एवं संस्कृति क्षेत्र महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत समाज से जुड़े 6 विशिष्ट लोगों को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है आपके अनुभव और कार्ययोजना की मदद से मथुरा वृन्दावन नगर निगम देश में अपना स्थान अग्रणी भूमिका में लाने में सफल होगा इसी आशा के साथ महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा सभी को बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की।



# भाजपा ने आपातकालीन विरोध दिवस के रूप प्रदर्शन कर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## आज कांग्रेस देशवासियों में भ्रम फैला रही है - संत विलास शिवहरे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी के मऊरानीपुर में आज विकास खण्ड मऊरानीपुर के सभागार में आपात काल के विरोध में काला दिवस के रूप में भाजपा ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। शुरुआत में नगर के गरौठा चौराहे से हाथ में पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे रहे। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक गिरी ने की। क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने कहा कि यह विरोध पहली बार नहीं कर रहे हैं। यह हम कई वर्षों से करते आ रहे है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर यह आपातकाल थोपा था। जिन्होंने 1975 की क्रांति को देखा और अहसास किया वही यह समझ सकते हैं,यह आपातकाल देश पर आए संकट के कारण नहीं था। आपातकाल तभी लगाया जाता है। जब युद्ध की स्थिति में बन रही हो। लेकिन इंदिरा गांधी ने जब उनका रायबरेली का निर्वाचन रद्द कर दिया था। तो उन्होंने अपनी सत्ता बचाने के लिए यह घोषणा की थी। उन्होंने आर्टिकल 1939 के माध्यम से नीति निर्देशक तत्व को बदलने का कार्य कर दिया आज वही कांग्रेस देश वासियों को भ्रम फैला रही जबकि संविधान को सबसे




ज्यादा तार तार कांग्रेस ने किए ,केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती है। तब 90 बार सरकारे बर्खास्त करने का काम किया है। जबकि भाजपा को 10 साल हो गए। एक भी बार किसी सरकार को बर्खास्त नहीं किया। हमने अगर संविधान का उपयोग किया है तो सिर्फ धारा 370 हटाने का काम किया है। हमने नागरिकता संशोधन के माध्यम से नेहरू जी आर्टिकल 25 लेकर आए यह सिर्फ एक धर्म विशेष के लिए लेकर आया। इसमें धर्मांतरण का विधायक पास करवाया। आर्टिकल 28 के माध्यम से हिंदुओं को धार्मिक शिक्षा का अधिकार समाप्त कर दिया। और फिर आर्टिकल 30 लेकर आए जिससे एक वर्ग विशेष को धार्मिक शिक्षा का अधिकार मिले ऐसे बहुत सारे संविधान में संशोधन करके उन्होंने अपनी सत्ता चलाई। आपको ध्यान हो शाहबानो केस में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संविधान के विपरीत सर्वोच्च न्यायालय का आदेश बदल दिया। और कांग्रेस आम जनता के बीच भ्रम फैला रही है हम संविधान में संशोधन कर रहे है। जिला अध्यक्ष अशोक गिरी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के एजेंडे को लेकर कार्य कर रही है। कॉग्रेस ने आपातकाल में कइयों को जेल में डाल दिया। कार्यक्रम में मंचासीन रहे जिला महामंत्री छत्रपाल राजपूत, प्रदीप पटेल, ब्लॉक प्रमुख आनंद सिंह परिहार, पूर्व विधायक प्रागीलाल अहिरवार, जिला मंत्री चंचल कंथरिया, जिला मीडिया प्रभारी सहजेंद्र सिंह बघेल। संचालन प्रमोद चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर आयुष श्रीवास, दिनेश राजपूत,चंद्र शेखर अड़जरिया, वीरेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र राहुल, मुन्ना लाल कुशवाहा, महेंद्र सिंह सोलंकी, मुकेश राजपूत, आर के अहिरवार, प्रणव द्विवेदी, मयंक गुप्ता, दिनेश गौतम, अखिलेश सेठ, डॉ विनोद अहिरवार, अखिलेश सिंह प्रधान प्रतिनिधि चकारा, देवेन्द्र खरे प्रधान, हरमुख सिंह, अखिलेश राय प्रधान, मोनू मौर्या,सुभाष चन्द्र मौर्य, गणेश सोनी, वीरेन्द्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल,दिनेश गौतम, जय प्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

# 'कांग्रेस ने आपातकाल थोपकर की थी लोकतंत्र की हत्या'

## - लोकतंत्र का काला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बौद्धिक प्रमुख सुरेश जी अग्रवाल ने रखे विचार..






*श्योपुर।* कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र व संविधान की हत्या की थी। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद व अलोकतांत्रिक कार्य था। इंदिरा गांधी ने न सिर्फ चुनाव स्थगित किए वरन आम जनता के मौलिक अधिकारों पर भी रोक लगा दी। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक कांग्रेस ने अनेक बार लोकतंत्र की हत्या की है। ऐसी कांग्रेस की समूल समाप्ति ही संविधान, हिंदुत्व व राष्ट्र के हित में होगा। यह बात सुरेश जी अग्रवाल ने मंगलवार को ÷25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस, कभी न भूलने वाला आपातकाल÷ पर आयोजित विचार गोष्ठी में कही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री राम धर्मशाला जय स्तंभ पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता अशोक बाधवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता सुरेश जी अग्रवाल ने भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया।मुख्य वक्ता श्री सुरेश जी अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा 1971 में समाजवादी नेता राजनारायण रायबरेली से इंदिरा गांधी के सामने लोकसभा चुनाव हार गए थे। इसपर राजनारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को चुनौती देते हुए चुनाव में बड़े पैमाने पर सरकारी मिशनरी के दुरूपयोग, तय सीमा से अधिक पैसे खर्च करने व मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का उपयोग करने के आरोप लगाए थे। 12 जून 1975 को उच्च अदालत ने आरोपों को सही ठहराते हुए अपने फैसले में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित कर उन्हें छह वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया था। इंदिरा गांधी ने कोर्ट के आदेश को मानने से इंकार कर दिया। मनमानी करते हुए आधी रात को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से अध्यादेश पारित करवाकर देश में आपातकाल लगा दिया। तत्पश्चात कांग्रेस सरकार ने सरकार विरोधियों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। लाखों सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता व नेताओं को झूठे आरोपों में जेल में ठूंस दिया गया। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के नेतृत्व में हिंदु पुरुषों की जबरन नसबंदी की गई। आपातकाल में गिरफ्तारी पर कोर्ट नहीं जा सकते थे। इंदिरा गांधी ने नो वकील, नो अपील, नो दलील का रवैया अपनाया। आपातकाल में अत्याचार की पराकाष्ठा होने लगी। जेल में अनेक प्रकार के अत्याचार किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ सहित अनेक संगठनों ने आपातकाल विरोधी आंदोलन किए। हजारों स्वयंसेवकों ने प्रतिबंध के खिलाफ और मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ सत्याग्रह में भाग लिया। अंततः 21 महीने की अवधि पश्चात 21 मार्च 1977 को आपातकाल समाप्त हुआ।

### *आज नासूर बन चुकी है कांग्रेस*

श्री जाट ने वर्तमान परिदृष्य पर कहा देश को जेल खाना बना दिया 4 लाख लोगो को जेल में बंद कर दिया आज कांग्रेस देश की एकता, अखंडता व सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नासूर बन चुकी है। भारत के संविधान से उसे कोई लेना-देना नहीं है। उनका लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्ति है। जिसके लिए कांग्रेस देश में नित-नए विवाद खड़े कर रही है। ऐसी कांग्रेस को समाप्त करने के लिए देश के युवाओं को आगे आना होगा। संगोष्ठी में श्री सुरेश अग्रवाल जी,श्री अशोक बाधवानी जी,श्री सुरेंद्र सिंह जाट,रेनू सुजीत गर्ग,मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष,वरिष्ठ पदाधिकारि एवम भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।मनोज वर्मा को संविधान की प्रति सौंपकर सम्मान किया। संचालन कार्यलय मंत्री सतनारायण यादव ने किया व आभार मनीष नागौरी ने किया।

# निराकरण से पहले ही सीएम हेल्प लाइन की शिकायत बंद कराने का आरोप



### देवसर तहसीलदार बीके पटेल के उपर पीड़ित ने लगाया आरोप,आरआई के उपर रिश्वत लेने का भी लगाया आरोप

### सीमांकन एवं नक्शा तरमीम के लिए दो साल से भटक रहे पीड़ित को नही मिल रहा न्याय

### एसडीएम देवसर से हुई शिकायत

सिंगरौली/- सिंगरौली जिले के देवसर तहसीलदार बीके पटेल के उपर एक भू स्वामी पीड़ित ने निराकरण से पहले ही सीएम हेल्प लाइन की शिकायत बंद कराने का आरोप लगाया है,पीड़ित नूर लेन ने बताया कि उसने देवसर के खोभा स्थित अपनी जमीन के सीमांकन एवं नक्शा तरमीम कराने का आवेदन तहसील कार्यालय देवसर में दिया है,आवेदन पर संबंधित पटवारी एवं आरआई पिछले दिनों सीमांकन करने गए थे लेकिन सीमा चिन्हित नही किए,जिससे असंतुष्ट होकर पीड़ित ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई थी,पीड़ित के अनुसार तहसीलदार ने 12 जून को तहसील कार्यालय में पीड़ित से यह कहा कि तुम सीएम हेल्प लाइन की शिकायत बंद कर दो एक हफ्ते में मैं स्वयं स्थल पर चलकर सीमांकन करवाता हूं,अब एक हफ्ते से ज्यादा समय गुजर गया और अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ

### मामले पर एक नजर

पीड़ित ने बताया कि ग्राम खोमा की आराजी नं0 181/1/13/1 रकवा 0.070 हे0 के नक्शा-तर्मीम एवं सीमाकंन बावत् विधिवत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसके सम्बन्ध मे तहसील कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर राजस्व निरीक्षक गिर्द बलजीत रावत को पत्र क्रमांक 284/2024 आदेश दिनांक 11/03/2024 जारी किया गया है एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही कर प्रतिवेदन तहसीलदार तहसील देवसर के समक्ष प्रस्तुत किया जावे किन्तु कार्यवाही न होने की पुनः स्मरण पत्र क्रमांक-600/2024 दिनांक-17/05/2024 को जारी किया गया कि राजस्व निरीक्षक एक सप्ताह के अन्दर नक्शा-तर्मीम व सीमाकंन कर पालन प्रतिवेदन भेजा जावें, किन्तु राजस्व निरीक्षक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई

### राजस्व निरीक्षक के उपर रिश्वत लेने का आरोप

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि संबंधित राजस्व निरीक्षक द्वारा 5000/ रूपये ले लिया गया है और 15000/ रूपये और मांग की है बताया गया कि रिश्वत लेने के बाद भी निराकरण नहीं किया गया

### निराकरण से पूर्व ही बंद करवा दिए शिकायत

आरोप यह भी लगाया गया है कि जब निराकरण नही हो सका तब आवेदक द्वारा सी0एम0हेल्प लाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई उक्त शिकायत के सम्बन्ध में तहसीलदार देवसर के बुलाये जाने पर तहसीलदार द्वारा कुछ स्थानीय जनों के समक्ष दिनांक-12/06/2024 को शिकायत कटवाये जाने हेतु मोबाइन

नं0 मांग कर समाप्त करवाया गया और कहा गया कि एक सप्ताह के अन्दर सीमाकंन हो जाएगा, किन्तु आज 2 सप्ताह गुजर गया और अभी तक तहसीलदार देवसर द्वारा कोई निराकरण नही कराया गया है। पीड़ित ने कहा कि मेरे द्वारा की गई सी0एम0हेल्प लाइन की शिकायत दिनांक-12/06/2024 को कटवाया गया है जिसकी तहकीकात सी.सी. टी.व्ही. के फुटेज से देखा जा सकता है।

### दो साल से भटक रहे पीड़ित को नही मिल रहा न्याय

पीड़ित सीमाकंन व नक्शा-तर्मीम न होने से काफी परेशान हो रहा है चूंकि उसके द्वारा मकान निमार्ण हेतु मटेरियल लगभग एक वर्ष से रखा है जो खराब हो रहा है। उसने कहा कि अब तंग व हो चुका हूं लगातार प्रशासन से निवेदन कर रहा हूं। किन्तु मेरा कार्य नही हो रहा है



# बुधवारीया बाजार में खाटू श्याम संकीर्तन में देररात तक झूमे श्रृद्धालुजन

केसरिया हिन्दूस्तान

सुरभि व्यास/जीरापुर-ः नगर में स्थित बुधवारीया बाजार में खाटू श्याम सेवा समिति जीरापुर के तत्वावधान में सोमवार बीती रात को बाबा खाटूश्याम संकीर्तन भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया जिसमें श्रृद्धालुजन देर रात तक नाचते झूमते रहे आयोजित कार्यक्रम में सेवा समिति द्वारा बाबा खाटू श्यामजी का अद्भुत श्रृंगार के साथ दिव्य दरबार सजाया गया जहां दर्शन पूजन एवं भजन संकीर्तन का लाभ लेने पहुंचे श्रृद्धालु महिला पुरुषो सहित युवा , बच्चों ने श्रृद्धा भक्ति के साथ बाबा खाटू श्यामजी के स्वरुप मूर्ति का दर्शन पूजन कर प्रज्ज्वलित ज्योति में घी की आहुति देकर बाबा खाटू श्याम जी से अपनी अपनी मिन्नते मुरादों की अर्जियां लगाई इस आस्था ओर भक्ति के अनोखे संगम माहौल क्षण में कुछ पल के लिए तो ऐसा लगा जैसे कि हम नगर के बुधवारीया बाजार में नहीं बल्कि स्वयं बाबा के पवित्र दरबार खाटूधाम में खड़े होकर बाबा श्याम का दीदार कर रहे हो, संकिर्तन मे प्रेम म्यूजिकल ग्रुप सुठालिया के उस्ताद कलाकारो ने सुर ताल के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया तो वही भजन गायिका वैष्णवी राय भोपाल , खुशबू शर्मा शुजालपुर एवं देवेन्द्र सिंह तोमर ने अपनी सुरीली आवाज अंदाज मे बाबा के भजन एवं धुमाल गीतों की सुन्दर सुन्दर प्रस्तुतियां देते हुए देर रात तक समां बांधे रखा इस दौरान श्याम प्रेमी भक्तजन भी भगवान श्रीरामजी, हनुमान जी महाराज, बाबा महाकाल एवं बाबा खाटू श्याम जी के विभिन्न भजनों पर युवावर्ग एवं महिलाएं नाचते झुमते रहे इस अवसर पर विभिन्न प्रकार का इत्र ,सेंट, आतिशबाजी के साथ रंग गुलाल एवं गुलाब फूलो को उड़ाया बरसाया गया कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेम कुशवाहा सुठालिया ने किया तो वही भजन संध्या में पहुंचे श्रृद्धालु भक्तों का आभार आयोजक श्याम सेवा समिति जीरापुर के सदस्यों द्वारा माना गया।

# देवास कलेक्टर गुप्ता ने तीन आरोपियों को किया जिलाबदर

ओमप्रकाश परमार,

देवास। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत तीन आरोपियों को अपराधिक गतिविधियों में संलग?न होने पर जिला बदर किया है। जिसमें आरोपी भरतलाल उर्फ बबली पिता रामभरोस उम्र 34 साल निवासी दीपगांव थाना खातेगांव को एक वर्ष के लिए जिला बदर किया है तथा उदय उर्फ बिट्टू पिता महेन?द्र नागर उम्र 20 साल निवासी रणायल टोंकखुर्द और सीताराम पिता राधेश?याम उम्र 40 साल निवासी काटकुट थाना कन?नौद को छ−छ माह के लिए जिला बदर किया है।

कलेक्टर गुप्ता ने आदेश दिया है कि यह सभी आरोपी 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# करियाझार के ग्रामीण वासियों द्वारा मदद की गुहार लगाने पर भारतीय सर्व सेवा संगठन पदाधिकारी रामू सोनी एवं प्रवीण शुक्ला द्वारा ग्रामीण वासियों की समस्याओं की जानकारी लेने पहुंचे करियाझार

### शासन की मूलभूत सुविधा ना मिलने के कारण करियाझार के ग्रामीण वासी अपने ही देश में हुए पराये

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा ब्यूरो

रीवा। एक तरफ जहां देश चांद तक पहुंच गया वहीं गुढ विधानसभा अंतर्गत इटार पहाड़ पंचायत स्थित करियाझार के ग्रामीण वासी सड़क पानी बिजली के लिए है मोहताज गुढ विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत इटार पहाड़ के करियाझार गांव के ग्रामीण वासी अपने ही देश में कई वर्षो से परायो की तरह रह रहे हैं। करियाझार गांव के ग्रामीण वासी शासन की मूलभूत सुविधाओं से लगातार वर्षो से वंचित है यहां के ग्रामीण वासियों को ना तो बिजली की सुविधा है और ना ही सड़क व पानी की सुविधा है। साथी पानी की व्यवस्था न होने पर यहां के लोग झील का मटमैला पानी पीने के लिए मजबूर जिसकी वजह से आए दिन यहां के ग्रामीण वासी को कई



गंभीर बीमारी अपने चपेट में ले लेती है । शासन प्रशासन की सुस्त रवैया के वजह से यहां के ग्रामीण वासी अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर नर्क का जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर है। हम आपको बता दें कि बीमार होने पर ग्रामीण वासियों को 10 किलोमीटर पैदल चलकर डढवा जाना पड़ता है । वहीं भारतीय सर्व सेवा संगठन के प्रदेश कार्य समिति प्रमुख रामू सोनी एवं युवा मोर्चा जिला प्रमुख प्रवीण शुक्ल द्वारा जब ग्रामीण वासियों से बात किया तो ग्रामीण वासियों द्वारा नेताओं के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा की नेताओं द्वारा वोट के समय हमारे गांव आते हैं और वोट लेकर 5 साल गायब हो जाते हैं जिसके वजह से हम लोग नर्क का जीवन व्यतीत करने के लिए विवश है। वहीं भारतीय सर्व सेवा संगठन के प्रदेश कार्य समिति के प्रमुख रामू सोनी एवं युवा मोर्चा जिला प्रमुख प्रवीण शुक्ल द्वारा कहा गया है कि भारतीय सर्व सेवा संगठन शासन प्रशासन से मांग करतीं हैं की करियाझार में कैंप लगाते हुए बिजली पानी सड़क जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करें । वही करियाझार की समस्याओं को संगठन के प्रदेश प्रमुख उमेश पिडिहा से बात करने पर उमेश पिडिहा द्वारा कहा गया है कि यह हमारे गुढ़ विधानसभा का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षो बाद भी करियाझार के ग्रामीण वासी शासन के मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं उमेश पिडिहा ने कहा है कि शासन प्रशासन करियाझार गांव के ग्रामीण वासियों समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा भारतीय सर्व सेवा संगठन ग्रामीण वासियों के साथ में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने का कार्य करेगी जिसका जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।

### सफलता की कहानी

# परिवार सहायता योजना से जुड़कर रामकन्या ने भरवाई घर की छत

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

धार- रामकन्या पति नरसिह गामड ग्राम लाबरिया के निवासी है रामकन्या ने परिवार सहायता योजना से जुड़कर अपने घर की छत भरवाई ! रामकन्या दीदी बताती है की मेरे परिवार में 4 सदस्य है मेरे यहाँ 5 बीघा खेती है में गॉव में खेती करती हूँ मेरे पति गुजरात में वाचमेन की नोकरी करते है मेरे परिवार की आर्थिक स्थिती धीरे-धीरे खराब होने लगी घर की छत नही होने के कारण हमें बारिश के दिनों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था फिर हमने



सोचा की घर की छत भरवा ले लेकिन हमारे पास इतने पेसे नही थे की घर की छत भरवा सके ! फिर एक दिन मेरे मोहल्ले में रहने वाली कृष्णा दीदी जो की महिला विकास संस्था की सदस्य है उन्होंने बताया की महिला विकास संस्था ने परिवार सहायता योजना का गठन किया है जिससे जुड़कर आप अपने मकान की छत भरवा सकते हो ! उनकी बात मुझे अच्छी लगी और में महिला विकास संस्था के कार्यलय गई ! वहा उपस्थित संस्था के सदस्यों ने मुझे जानकारी दी और मेने संस्था में आवेदन दिया जिससे मुझे परिवार सहायता योजना से जोड़ा और योजना से जुड़कर मुझे संस्था के माध्यम से सोसायटी से 50 हजार रुपये का ऋण मिला और मेने स्वयं से भी 50 हजार रुपये जोड़े और 1 लाख रुपये से अपने मकान की छत भरवाई जिससे मेरे घर का काम पूरा हुआ और अब हमें बारिश के दिनों में कोई परेशानिया नही होती है धीरे ङ्क धीरे मेरे घर की आर्थिक स्थिती भी सुधरने लगी ! महिला विकास संस्था ने परिवार सहायता योजना का गठन कर कई गरीब परिवारों की सहायता की और आज कई परिवार अपना जीवन अच्चा व्यतीत कर रहे है !

# शासकीय जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

धार/बरमंडल - क्षेत्र में शासकीय जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा बढ़ता जा रहा है। भूमाफिया शासकीय भूमि पर कुकुरमुत्ते की तरह बेधड़क निर्माण किए जा रहे है और विभाग के जिम्मेदार जानकर भी अनजान बने हुए है। अतिक्रमणकर्ता मुख्य मार्ग से सटी हुई शासकीय जमीनों पर दबंगता से अवैध मकान निर्माण किए जा रहे है। धडल्ले से जारी निर्माण के चलते ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विभाग के जिम्मेदार भी अपनी मौन स्वीकृति दे रहे है। ग्राम में वर्षो से कई परिवार भूमिहीन है किंतु भूमिहीन परिवार जमीन की आस में दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है और बाहरी व्यक्ति शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण करते जा रहे है। पूर्व में प्रशासन और विभाग ने क्षेत्र में भूमिहीनों को 30 बाय 30 की जमीन पट्टे के माध्यम से दी थी लेकिन इनमें से अधिकांश पट्टाधारियों ने अपनी जमीन अन्य लोगों को बेच दी जबकि नियमानुसार पट्टा जमीन बेचा जाना प्रतिबंधित है। जमीनों के खरीददारों ने तो ओर बड़ा घोटाला किया इन्होंने 30 बाय 30 की जमीन को फर्जी तरीके से रकबा बढ़वाकर स्व स्वामित्व की रजिस्ट्रियां भी करवा ली और बड़े बड़े मकान तान दिए लेकिन पंचायत व विभाग के जिम्मेदार इस पूरे मामले में अनभिज्ञ बने हुए है जबकि जिम्मेदारों के हस्तक्षेप के बिना उक्त जमीनों में हेराफेरी संभव ही नहीं है।

### *इनका कहना है -*

मुझे शासकीय भूमि पर निर्माण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। कोई जानकारी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

संग्राम सिंह डोडियार , हल्का पटवारी बरमंडल

# किसानों को पैसा दिलाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा -विधायक बिरला

### कलेक्टर कार्यालय में किसानों के साथ धरने में शामिल होंगे –विधायक बिरला।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

आशीष शर्मा-सनावद अनाज मंडी में करोड़ों की ठगी के शिकार किसानों ने बुधवार को विधायक सचिन बिरला से मुलाकात की। विधायक ने पीड़ित किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी पूरी राशि वापस दिलाई जाएगी और इस संबंध में मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से चर्चा की गई है। उधर किसानों ने कहा कि 27 जून को खरगोन जिला मुख्यालय पर किसान धरना प्रदर्शन करेंगे। विधायक भी सांकेतिक रूप से किसानों के धरना



प्रदर्शन में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि विगत माह सनावद कृषि उपज मंडी में अनाज व्यापारी अनिल मालाकार लगभग दो सौ किसानों का चार करोड़ बत्तीस लाख रु का चना खरीदकर फरार हो गया था।

# शासकीय महाविद्यालय सनावद में समाज कार्य विभाग के डॉ. श्रवण कोहरे द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नषा निरोधक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

आशीष शर्मा सनावद- दुनियाभर में लाखों लोग नशीली दवाओ की समस्या से ग्रसित है जिसका दुस्प्रभाव स्वयं उपभोग करने वाले के साथ परिवार और समुदाय दोनों पर पड़ता है नशीली दवाओं का उपयोग स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए खतरा बनता चला जा रहा है। यह बात शासकीय महाविद्यालय सनावद में समाज कार्य विभाग के डॉ. श्रवण कोहरे द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नषा निरोधक दिवस के अवसर पर वर्ष 2024 की थीम ÷साक्ष्य स्पष्ट है-रोकथाम में निवेष करें÷ के तहत आयोजित शपथ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही उन्होंने ने बताया कि नषीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध




तस्करी की रोकथाम के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 1987 में इस पर कनून पारित किया तब से सम्पूर्ण विश्व में यह मनाया जाने लगा है। इसके तहत जागरूकता बढ़ाना संवाद व सहयोग को सुविधजनक बनाना, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबुती प्रदान करना आदि कार्यो में नियंत्रण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। इस दिन को मनाने का एक ही उद्देश्य है कि जो लोग नषे की लत के कारण गलत राह पर चल रहे है उन्हें आगे आने वाले परिणामों के बारे में बताना और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए उन्हें सावधान करना। और हम युवा यह शपथ ले कि हम अपने जीवन में कभी भी नशा नहीं करेंगे एवं इससे बचने के लिए समुदाय में जनजागरूकता भी लायेंगे।

# सरकार को नहीं मानते निजी स्कूल, 11वीं की फीस 45 हजार पार

## शिक्षा की दुकानदारी अभिभावकों के लिए बनी अभिशाप..


### *स्कूके निजी स्कूलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ेगी फीस का आदेश हवाहावाई..

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*
*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

सतना। मध्य प्रदेश में प्राइवेट स्कूल 10 प्रतिशत से ज्यादा फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। यदि इससे ज्यादा फीस बढ़ानी हो तो जायज कारण बताकर सरकार को प्रस्ताव भेजना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके अनुसार नए सेशन से एडमिशन लेने वाले छात्रों से केवल एक ही बार एडमिशन फीस ली जाएगी। अगली कक्षा में प्रवेश लेने पर स्कूल छात्रों से दोबारा एडमिशन फीस नहीं वसूल सकेंगे। अगर संस्था स्कूल डेवलपमेंट के नाम पर राशि लेती है तो वह भी एक माह की फीस की राशि से ज्यादा नहीं होगी। नई गाइडलाइन सत्र 2024-25 से लागू होगी।पिछले एक साल से प्रदेश भर में पालक संघों द्वारा प्राइवेट स्कूलों द्वारा बढ़ाई जाने वाली फीस का विरोध किया जा रहा है। शासन ने फीस रेगुलेटरी कमेटी के गठन के बाद आने वाली दिक्कतों को देखते हुए गाइडलाइन जारी करना बेहतर समझा है। कहा जा रहा है कि कमेटी बनाने के लिए सरकार को एक्ट बनाना पड़ता।

### *नियमों का उल्लंघन तो मान्यता रद्द*

स्कूल शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एसआर मोहंती का कहना है कि गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर स्कूलों की



Chanakya Public Sr. Secondary School
Senior Secondary (10+2) Affiliated to CBSE New Delhi
Vaishali Enclave, Behind BSNL Office, New Civil Lines
SATNA (M.P.), M.: 8989515170, 6260681295

Year ..........

Student Name .......... Class.......... Sec..........

FEE-STRUCTURE

| Particulars of Payment | XI | XII |
|---|---|---|
| 1. Admission Fee | 3000/- | 3000/- |
| 2. Caution Money (Refundable) | 1000/- | 1000/- |
| 3. Annual Charge April | 5000 (Com.) 6000 (Sci.) | 5000 (Com.) 6000 (Sci.) |
| 4. 1st Instalment 15 July | 11000/- | 11000/- |
| 5. 2nd Instalment 15 October | 12000/- | 12000/- |
| 6. 3rd Instalment 15 January | 12200/- | 12200/- |
| 7. Bus Fee | As per Distance from school | |

Note-
- Term Fees shall be paid with in due date.
- Late fees @ 300 Rs. per month will be charged after due date of the month of instalment.
- Admission fees and caution money are applicable only for new admission

Signature

मान्यता समाप्त कर दी जाएगी। उनकी नजर में स्कूलों पर नियंत्रण के लिए गाइडलाइन पर्याप्त है। एक्सपीरियंस के आधार पर इसमें संशोधन की गुंजाइश है।

### *एक माह में समस्या का निराकरण*

जिला स्तरीय शुल्क विनियमन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। छह सदस्य होंगे। एक माह में शिकायत का निराकरण होगा।आपत्ति होने पर पेरेंट्स संभाग स्तरीय समिति में अपील कर सकेंगे। इसके अध्यक्ष संभागायुक्त होंगे। इसे आपत्तियों का निराकरण 45 दिनों में करना होगा।

*किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे यूनिफॉर्म और किताबें*

केपीटेशन फीस, दान या उपहार के नाम पर कोई भी राशि वसूलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

एडमिशन फॉर्म निःशुल्क मिलेगा। शुल्क लिया भी जाता है तो 10 रुपए से ज्यादा नहीं।

किताबें, यूनिफॉर्म व अन्य सामग्री खुले बाजार से खरीदी जा सकेंगी। यूनिफॉर्म कम से कम पांच साल तक नहीं बदली जाएगी।

स्कूल सामग्री तीन दुकानों में उपलब्ध कराना जरूरी।

एजुकेशन सेशन के दौरान स्कूल किसी प्रकार की नई फीस लागू नहीं कर सकेंगे।

स्कूल लेट फीस पर चार्ज कर सकेंगे। लेकिन एक प्रतिशत प्रति माह की दर से अधिक नहीं।

बीच में स्कूल छोड़ने के बाद दोबारा उसी स्कूल में एडमिशन लेने पर छात्र को एडमिशन फीस देनी होगी लेकिन यह राशि एक साल की फीस से अधिक नहीं होगी।

फीस मासिक या त्रैमासिक किश्तों में जमा होगी। मासिक 10 तारीख तक तथा त्रैमासिक का भुगतान पहले माह के अंत तक करने की सुविधा।

फीस की जानकारी छात्रों और पेरेंट्स को सत्र शुरू होने के एक माह पहले बतानी होगी।

# भैरूंदा जनपद के ग्राम पिपलानी में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित




### कन्या विवाह सम्मेलन में 348 जोड़े परिणय सूत्र में बांधे

### विवाह सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान वर्चुअली शामिल हुए, वर-वधुओं को दिया आशीर्वाद

### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर बहन को बनाएंगे लखपति - केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/सीहोर जिला ब्यूरो
दिनेश चौरसिया की रिपोर्ट

सीहोर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत भैरूंदा जनपद के ग्राम पिपलानी में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस विवाह सम्मेलन में 348 वर वधू परिणय सूत्र में बांधे। सम्मेलन में 11 कन्याओं का निकाह भी हुआ। हितग्राहियों को 49 हज़ार रुपये के चेक प्रदान किए गए।

सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में वर्चुअल रूप से जुड़े केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद तथा भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के माता-पिता की बेटियों का विवाह धूमधाम से हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के विकास और लोगों की कल्याण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लखपति बहन योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर बहन की आमदनी एक लाख रुपए सालाना करने के लिए कार्य किया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूर्व सांसद श्री रमाकांत भार्गव, बागली विधायक श्री मुरली भंवरा तथा श्री कार्तिकेय चौहान ने भी संबोधित किया।

### यह थे उपस्थित

इस अवसर पर वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री गुरु प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक श्री राजेंद्र सिंह राजपूत, श्री रघुनाथ सिंह भाटी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रवि मालवीय, मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू अवध पटेल, श्री देवी सिंह धुर्वे, श्री पर्वत सिंह उईके जितेंद्र गौड़ तथा अन्य जन प्रतिनिधियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया।



# रामचरित मानस का अखंड पाठ एवं भंडारा सम्पन्न

### *जा पर कृपा राम की होई ता पर कृपा करें सब कोई।*

*(देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)*

एटा-रामचरित मानस की यह चौपाई अलीगंज एटा के निवासी सुनील शर्मा के परिवार पर यथार्थ में उतर रही है,जिसमें कहा गया *जा पर कृपा राम की होई ता पर कृपा करें सब कोई।*

सुनील शर्मा ने रामचरित मानस के अखंड पाठ का संकल्प लिया,उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए विद्वान शास्त्री पं0रामविलास शास्त्री जी ने अपने साथियों सहित इस अनुष्ठान को पूरा कराते हुए,सम्पूर्ण रामचरित मानस के अखंड पाठ को विधिविधान से हवन पूजन करा कर वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरा कराते हुए,यजमान को आशीर्वाद दिया।दो दिन चले अखंड पाठ में रामचरित मानस की चौपाइयों को संगीतमय वाचन करने वाले,पं0योगेश शर्मा,पं0 प्रवेश शर्मा,आदि ने अपने मधुर कंठ से जब चौपाइयों को सुनाया तो पूरी रात्रि श्री राम जी के अनुयाइयों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।अखंड पाठ के समापन के उपरांत ब्रह्मभोज भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें भारतीय मैथिल ब्राह्मण कल्याण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश शर्मा,राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा देवू, राष्ट्रीय सचिव आमोद शर्मा,जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद अजीत शर्मा, जिलाध्यक्ष एटा राहुल शर्मा,आनंद शर्मा सोनू शर्मा (जिला संयोजक एटा),सन्दीप शर्मा,आदि की गरिमामयी उपस्तिथि से कार्यक्रम संयोजक गद गद हो गए कार्यक्रम संयोजक सुनील शर्मा द्वारा सभी अथितियों का माल्यार्पण कर उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए।इस अवसर पर अरुण शर्मा,एडवोकेट, पुरुषोत्तम शर्मा,मोनू शर्मा,सुनील शर्मा,संदीप शर्मा,कृष्णा शर्मा,अशोक शर्मा,ब्रह्मानंद शर्मा,मनोज शर्मा,अनुपम शर्मा,विजेंद्र शर्मा,हरिओम शर्मा,आदि मैथिल विप्रो के अलावा हजारों की संख्या में भंडारा ग्रहण कर ईश्वर में अपनी आस्था दर्शायी।

## आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ व स्वस्थ समाज के अंतर्गत

देनिक केसरिया हिंदुस्तान/ ब्यूरो- देवीलाल कुशवाह
राजगढ़ 9630152532

ब्यावरा (राजगढ़ )* सेवाकेंद्र के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

*माननीय राज्य मंत्री नारायण सिंह जी पवार* ने बताया कि सनातन धर्म ही सबसे बड़ा धर्म है और बाकी सारे धर्म हम मानव ने बनाए हैं और सभी धर्म के पिता एक है शिव परमपिता परमात्मा है आध्यात्मिक ज्ञान से जो परिवर्तन आता है इससे मानव जीवन सुधर जाता है और हमारी ब्रह्माकुमारी बहने इसमें लगातार सेवा दे रही इससे हमें जुड़कर के लोगों को संदेश देना चाहिए ।




*राजयोगिनी मधु दीदी ने कहा - * आज के बच्चों में न सहन करने की शक्ति है ना समाने की शक्ति है इन गुना की कमी की वजह से आज हमारा भारत जो राम राज्य था वह कहीं ना कहीं राम राज्य के बदले सबके अंदर रावण दिखाई देता है राम राज्य में कोई भी प्रकार का पाप नहीं था ।

*पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी जी* ने बताया कि ब्रह्मकुमारी बहनों के चेहरे पर कितना तेज दिखता है जैसे कि इन्हें भगवान मिल गए हैं और हम सब ने कितना ही विकास कर लिया हो लेकिन इनके जैसे सुख शांति प्राप्त नहीं की है ब्रह्माकुमारी एक ऐसी संस्था जिसमें जाति धर्म का कोई भेदभाव नहीं है लेकिन आध्यात्मिक शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया वहीं छोटी-छोटी कन्याओं ने स्वागत नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई , जिसमें जिले भर से आई ब्रह्माकुमारी दीदीयां एवं ईश्वरीय परिवार के भाई- बहने तथा ब्यावरा नगर के जन मानस बड़ी संख्या में उपस्थित है। दांगी समाज के जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी , ब्लॉककांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव , बिहारी लाल दांगी , राधेश्याम दांगी सरपंच मोहनीपुर , अरविंद सक्सेना , डॉ अशोक अग्रवाल , सुरजीत सिंह यजमान , अंत में ब्रह्माकुमारी मधु दीदी द्वारा ईश्वरीय सौगात भेंट की गई तथा ब्रह्मभोज रखा गया था ।

# विदेशी लोग नशे का पाउडर भारत भेजकर, नौजवानों की जवानी कर रहे बर्बाद, इस तरह से कर रहे दुश्मनी अदा

## ध्यान नहीं दिया तो कुछ दिन बाद नौजवान नशे में पागलों की तरह इधर-उधर नंगे नाचेंगे, बस ट्रेन के आगे खड़े होकर, कटकर मर जाएंगे

जोधपुर (राजस्थान) भारत के भविष्य- नौजवानों की चिंता करने वाले, उनके जीवन को बर्बाद करने वाली विदेशियों की योजना को सबको बताकर बचाने का मौक़ा देने वाले, नशामुक्ति का सन्देश देने वाले, वक़्त के पूरे देहधारी समर्थ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने पूर्णिमा सतसंग कार्यक्रम में अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि मांस मछली, अंडा मत खाना और शराब जैसा बुद्धि नाशक नशा का सेवन मत करना। जिससे आदमी होश में नहीं रह जाता है, वह कोई भी चीज आप न खाना न पीना, चाहे शराब, अफीम, कोकीन, गांजा, भांग, चाहे नशीली गोलियां जो बहुत आ गई बाजार में। अब तो ऐसी-ऐसी दवाइयां, पाउडर आ गए 10 ग्राम का पाउडर 30-40 हजार का, 1 किलो का पाउडर 1 करोड रुपए का, ऐसा नशे का बना दिया। विदेश से भारत के होनहार बच्चों के लिए आ रहा। सबसे बड़ी दुश्मनी, इस तरीके से वह अदा कर रहे हैं की पता भी न चले।

### पद, पैसा आ जाने पर आने वाली कमियों से बचो

पहले राजा लोग एक-दूसरे के ऊपर हमला कर देते थे और लूटपाट करके ले आते थे। जब देखते थे कि कोई राजा जबरदस्त हो गया है, कभी भी हमारे ऊपर हमला कर



सकता है, उसकी कमियों का पता लगते थे। पद पैसा वाले आदमी की कमी क्या हो जाती है? जिस चीज से बचना चाहिए, उसी में आदमी फंस जाता है। जैसे पद, पैसा का दुरुपयोग करने लगता है, फिर पर नारी पर उसकी नजर चली जाती है फिर सर्वनाश का रास्ता खुल जाता है।

### *पहले शत्रु राजा को बिना तीर तलवार के कैसे मार देते थे*

(अधिकतर) राजा लोग भोगी होते थे जो कमजोर राजा होते थे। जैसे कोई लड़की पैदा हुई, उसको थोड़ा-थोड़ा जहर पिलाने लगते थे। तो हजम करते-करते उसका पेट का मैदा उसी तरह का हो जाता था। दारू पिलाने, नशा कराने वाले क्या करते हैं? पहले थोड़ा-थोड़ा पिलाते हैं। वही जब बर्दाश्त कर लेता तो बोतल का बोतल पी जाता है। पहले एक-एक, दो चम्मच किसी चीज में डाल देते हैं, शरबत, कोका-कोला, तमाम पेय पदार्थ में डाल देते हैं। तो कन्या जब तैयार कर लेते थे, जिनके अंग-अंग में जहर पैदा हो जाता था, उनको राजा के यहां भेज देते थे। सेवा में पहुंच जाती थी। झाडू लगाती, कपड़ा धोती, दोस्ती कर लेती, रसोई में घुस जाती और भोजन बनाकर के खिलाते हैं, अपना जूठा उसी में डाल देती, जहर हो जाता था। तो भी मृत्यु नहीं हुई तो राजा से प्रेम कर लेती। राजा भोग करता था उनसे, खत्म हो जाता था। बिन मारे बैरी मरे, बिना तीर-तलवार के मार देती।

### सर्वनाश करने वाला नशे का सेवन मत करना

गुरु महाराज ने बताया कि अगर ध्यान नहीं रखोगे तो नौजवानों की जवानी बर्बाद हो जाएगी। यही हाल नशेबाजी का रहा तो कुछ दिन के बाद यह पागलों की तरह से इधर-उधर भटकते, फिरेंगे, रोड पर नंगे नाचेंगे, गाड़ी ट्रेन को रोकने के लिए आगे खड़े हो जाएंगे, कटकर मर जाएंगे। इसलिए बच्चे-बच्चियों का ध्यान रखो। ऐसे नशे का आप लोग सेवन मत करना। लोगों को भी बताना। जो सर्वनाश करने वाला है, उस नशे का सेवन मत करना।

# युवा अवस्था मे अटेक,मौत

## आलोट के मोटर वाइंडिंग संचालक निरंजन राठौड़ को आया अटेक, क्षेत्र में हाट अटैक से मौत के खतरे लगातार बढ़ रहे हैं

रिपोर्टर = दिनेश शुक्ला

आलोट। आलोट मे अपने हसमुख अंदाज से जाने जाने वाले निरंजन राठौड़ की आज युवा अवस्था मे दुःखद मौत हो गयी। उनकी मौत की खबर के बाद शहर मे शोक की लहर हे।

### हाट अटेक से गयी जान।

आलोट के रुक्मणीगंज निवासी निरंजन राठौड़ (निरु)उम्र 40 वर्ष पीता रमेश राठौर को अपनी दुकान पर मोटर वाइंडिंग का कार्य कर रहे थे।पहले सीने मे दर्द हुआ बाद मे ओमीट भी हुई।परिजन गंभीर अवस्था में आलोट के संजीवनी हॉस्पिटल इलाज के लिए ले गए। लेकिन निरंजन राठौड़ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। संजीवनी हॉस्पिटल के डॉक्टर पिएन डांगी ने निरंजन राठौड़ की मौत की पुष्टि की है। डॉक्टर ने मौत का कारण हाटअटैक ही



माना है।

### नगर में शोक की लहर।

निरंजन राठौड़ की मौत के बाद आलोट नगर में शोक की लहर है। निरंजन नगर में अपने हंसमुख स्वभाव के लिए जाने जाते थे। मौत की सूचना के बाद बड़ी संख्या में उनके मित्र व परिजन अस्पताल पहुंचे हैं।

# भोपाल कृष्णपुरम में किया आर्य समाज शाखा का गठन

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी, महान समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक ऋषि दयानंद जी की 200वी जन्म जयंती के पुनीत अवसर मुनि आर्यमणि वानप्रस्थी पूर्व नाम मनीराम जी चौहान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ने ग्रामीण क्षेत्रों में में आर्य समाज शाखाओं का गठन करने का संकल्प लिया कृष्णपुरम तह.हुजूर। जिला भोपाल में मुनि आर्य मणी पूर्व नाम श्री मनीराम चौहान जी ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऋषि दयानंद सरस्वती जी एक महान समाज सुधारक थे आपने समाज से कुरीतियां मिटाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। जातिवाद छुआछूत बाल विवाह का घोर विरोध कर हिन्दू समाज को एक करने में जीवन समर्पित कर दिया।सनातन संस्कृति की रक्षा करने हेतु वेदों की ओर लौटो का नारा दिया जननी जन्मभूमि स्वर्ग से बढ़कर होती है आर्य मणी महर्षि दयानंद सरस्वती जी के अनन्य अनुयायी हैं आप निरंतर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने हेतु प्रयासरत हैं नर्मदापुरम मैं स्थित आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय के परम पूज्य स्वामी ऋत्स्पति



परिब्राजक से प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्य समाज की शाखाओं का विस्तार एवं गठन कर रहे हैं।इसी क्रम कृष्णपुरम भोपाल में मुनि आर्यमणि वानप्रस्थी पूर्व नाम श्री मनीराम चौहान ने सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक का वितरण किया राकेश नामदेव जी ने हवन करवा कर सदस्यता दिलाई आर्य समाज शाखा के अध्यक्ष श्री छत्रपाल सिंह पटेल पूर्व शिक्षक उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति चौहान मंत्री दीपक पटेल प्रचार मंत्री रीतेश चौहान कोषाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद पुस्काध्यक्ष सुश्री रमा चौहान सदस्य श्रीमती सोनाली सदस्य सुनील चौहान बनाए गए

# जन अभियान परिषद ने दिलवाई नशा नहीं करने कि शपथ

रिपोर्टर = दिनेश शुक्ला

आज अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर आज शासकीय महाविद्यालय आलोट पर छात्र छात्राओं को जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय एवं ब्लॉक समन्वयक मुकेश कटारिया के निर्देशानुसार नशा नहीं करने कि शपथ दिलाई गई एव नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि अपने गांव आसपास के सभी व्यक्तियों को नशे की लत से छुटकारा दिलाना एवं नशा न करने को कहा गया नशे से होने वाले हानी के बारे में बताया गया इस अवसर पर बरगढ़ महावीर युवक मंडल समिति के किशोर सिंह डोडिया नारायणी के द्वारा सभी को नशा नहीं करने कि शपथ




दिलाई गई कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के परामर्शदाता हेमेंद्र सिंह निगम, संदीप सांखला लाल सिंह पवार महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्रा उपस्थित थे !

## भगवान बिरसा मुंडा एवं टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना का उठाएं लाभ

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर /मो.7509091263

भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में मिलेगा 1 लाख से 50 लाख तक का ऋण एवं टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से 1 लाख तक का ऋण मिलेगा। अधिकतम 7 वर्षो तक मोरेटोरियम अवधि सहित निगम द्वारा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए 50 लाख रुपए तक तथा सेवा, व्यवसाय गतिविधियों के लिए 25 लाख रुपए एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख तक की रोजगार मूलक योजना परियोजनाएं स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। विभाग की जिला संयोजक ने बताया कि इसके लिए परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। उक्त योजना के तहत समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जनजातीय कार्य विभाग में सम्पर्क कर सकते हैं।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# मंत्री श्री जायसवाल ने लोकसभा चुनाव के पहले करोड़ों के कार्यों का किया था भूमि पूजन- आचार संहिता खत्म होते ही शुरू हुआ कार्य

## नपा बिजुरी विकास के लिए अग्रसर - कार्यों के जारी हुए कार्य आदेश

## बिजुरी नगरपालिका के 20 बडे निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति






**कोतमा विधानसभा मे दिलीप जायसवाल के विधायक बनते ही विकास के लिए लगातार कार्य शुरू कर दिया गया नगर की प्रमुख समस्या दलदल से मनेन्द्रगढ़ की ओर जाने वाली सड़क और कपिलधारा से दलदल तक पहुंच मार्ग को विधायक बनते ही कॉलरी प्रबंधक से बात कर कार्य चालू करने के निर्देश दिए और तत्काल भूमि पूजन करते हुए कार्य प्रारंभ कर सड़क निर्माण कार्य पूरा हो गया है इसी कड़ी में नगर पालिका बिजुरी मे बड़े कार्यो के भूमि पूजन करते हुए नगर विकास के लिए बड़ी सौगात दी गई जिसका आचार संहिता खत्म होते ही नपा की अध्यक्षता शहबिन पनिका, सीएमओ परिषद के द्वारा कार्य आदेश देकर निर्माण कार्य तेज गति से चालू होना शुरू हो गया है नगर में चारों ओर सड़क निर्माण कार्य भी पूरी हो चुकी हैं जिसे जनता में भी भारी खुशी व्याप्त है, और मंत्री दिलीप जायसवाल के निर्देश में लगातार नगर विकास की ओर अग्रसर है।**

प्रकाश सिंह परिहार

शहडोल/अनूपपुर। नगरपालिका बिजुरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 09 स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर तालाब के कायाकल्प का कार्य नपा अध्यक्षा सहबिन पनिका, उपाध्यक्षा प्रीति सतीश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू सहित वार्ड पार्षद, नपा कर्मचारी भाजपा समर्थक एवं वार्डवासियों कि उपस्थिति में बुधवार 26 जून से प्रारम्भ किया गया। लगभग 67 लाख रुपये से अधिक कि लागत से देवी तलाब के कायाकल्प का कार्य आगामी समय में पूर्ण होने पश्चात से नगर का यह प्रसिद्ध स्थल निश्चित तौर पर सुंदरता कि छवि बिखेरेगी।

### आचार संहिता हटते ही जारी हुआ कार्य आदेश

नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा नगर एवं लोकहित में कराए जाने वाले कार्यों में 20 प्रमुख बड़े कार्यों को चिन्हित कर पूर्ण कराने का लक्ष्य परिषद द्वारा रखा गया है। जिसे आगामी दिनों में ही तय समय पर पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए नपा परिषद द्वारा समय-समय पर कार्य कि देख-रेख भी की जा रही है।

### मंत्री श्री जायसवाल के निर्देशन पर नगर विकास कि ओर अग्रसर

प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल का गृहक्षेत्र बिजुरी होने के कारण स्वयं मंत्री जायसवाल भी नगर बिजुरी को विकसित नगर बनाने में किसी भी तरह कि कोताही नही बरत रहे हैं। जब कभी भी राजधानी से गृह नगर आते हैं, अलग-अलग विभागों के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक कर उनसे कार्यों का जायजा लेते हैं। और किसी भी जनकार्य व विकाश कार्य में अवरुध्दता नजर आने पर, तत्काल सम्बंधित विभाग से बात कर, अड़चन दूर करने का प्रयास करते हैं। उसी का परिणाम है कि बिजुरी नगर में विकाश कार्य अब धरातल पर होते नजर आने लगा है।

### गुणवत्ता से नही होगा कोई समझौता- मंत्री श्री जायसवाल

वार्ड क्रमांक 09 स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर तालाब के कायाकल्प कार्य का निविदा लगने पश्चात मंत्री जायसवाल द्वारा उक्त कार्य का भूमिपूजन करने बाद से नगरपालिका अमला को कहा गया था कि यह कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ होना चाहिए। वहीं अगर कार्य प्रारंभ होने में किसी प्रकार कि समस्या आए तो मुझसे तत्काल सूचित करें। उस समस्या का पूरा समाधान किया जाएगा। क्योंकि नगर बिजुरी के विकाश में किसी भी तरह कि कमी नही रहने दी जाएगी और ना ही किसी भी कार्य के गुणवत्ता से समझौता किया जाएगा।

### नगर का होगा चौमुखी विकास

कोतमा विधानसभा में विधायक के रूप में दिलीप जायसवाल ने भारी बहुमत से जीत हासिल किये इसके बाद प्रदेश मे मंत्री के रूप में स्थान प्राप्त हुआ मंत्री बनते हैं नगर में आम जनमानस में भारी उत्साह देखा गया और ग्रह ग्राम नगर पालिका बिजुरी में आयोजित कार्यक्रम मे साफ तौर पर भाषण के दौरान यह बता दिया कि मेरे रहते नगर की जनता को कोई कमी नहीं होने दूंगा नगर की मूलभूत समस्या पानी की समस्या का भी जल्द निदान किया जाएगा साथ ही नगर चौमुखी विकास की ओर अग्रसर होगा और कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा जिसके बाद कई करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन कर नगर मे कार्यों कि सौगात दी गई जो अब नगर में दिखने भी लगा है।

### स्वच्छता को लेकर भी विशेष अभियान जारी

नगर पालिका बिजुरी अंतर्गत लगातार नाली व कूड़े कचरे का सफाई कार्य जारी है बरसात के पहले ही नाली व नाले की सफाई कराई जा रही है स्वच्छता के लिए कुछ जगहों पर विशेष अभियान चलाकर भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्य किया जा रहे हैं जिसमें नगर के ब्रांड एंबेसटर कैलास कोल स्वयं सफाई स्थल मे खड़े होकर देख रेख में कार्य कराये जा रहे हैं सुबह से ही नपा की अध्यक्ष सहबिन पनिका उपाध्यक्ष परिषद पदाधिकारी अपने-अपने वार्डों में साफ सफाई में विशेष अभियान चलाकर नगर सहित वार्ड को स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है जिससे नगर अब स्वच्छ भी दिखना शुरू हो गया।

# अतिवृष्टि और बाढ आने के स्थिति में समन्वय और टीम वर्क से के साथ काम करें अधिकारी - कमिश्नर

### बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की कमिश्नर ने की समीक्षा



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुडे सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिवृष्टि और बाढ़ आने की स्थिति में बाढ आपदा प्रबंधन से जुडे सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें और बाढ एवं आपदा की स्थिति में जनमानस के जान माल की सुरक्षा करें। कमिश्नर ने कहा है कि अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति में जनमानस की सुरक्षा करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। सभी विभागीय अधिकारी अतिवर्षा और बाढ की स्थिति में बाढ़ आने की सूचना मिलने पर सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, बाढ़ की स्थिति में सभी विभागीय अधिकारियों की टीम बाढ प्रभावित क्षेत्र में समय पर पहुचकर बाढ प्रभावित लोगों की सहायता करें, बाढ प्रभावित लोंगो को सुरक्षित स्थानों पर पहुचानें की व्यवस्था करें। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए है कि वो बाढ संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर ऐसे क्षेत्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि शहडोल संभाग के सभी पहुचहीन गावं में आवश्यक खाद्यान्न एवं दवाईयों का भण्डारण भी सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने उक्त निर्देश बुधवार को बाढ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभाग स्तरीय समीक्षा के दौरान वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शहडोल संभाग के सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ की स्थिति के सतत आकलन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कराएं तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से बाढ़ की स्थिति की निरंतर मानीटरिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि जनमानस को दामिनी एप, मौसम एप की जानकारी दें तथा उन्हें इन एपों की उपयोग करने की समझाईस भी दें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अतिवृष्टि और बाढ आने की स्थिति में समाचार माध्यमों, सोशल मीडिया का समारात्मक उपयोग करें, बूढ़े और दिव्यांगों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से कैसे सुरक्षित स्थानों में पहुचाना है इसकी भी कार्य योजना तैयार करें। कमिश्नर ने होम गार्डस के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने संसाधनों की स्थिति देखें वाटर वोट एवं अन्य उपकरणों की मरम्मत कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि टायर, ट्यूब, बांस और टार्च भी समुचित संख्या में अपने पास रखें। वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से कमिश्नर ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों में तालाबों और नालों की साफ-सफाई कराएं। वीडिया कान्फ्रेंसिग में एडीजीपी डीसी सागर ने कहा कि अतिवर्षा की स्थिति में जब बांधों के गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो इसकी सूचना जनमानस तक तत्काल पहुचाएं विशेषकर नदी और नहरों के किनारे रहने वाले बाढ़ संभावित गावों में गेट खोलने की सूचना तत्काल दें इसके लिए सोशल मीडिया साईट्स का भी उपयोग करें। उन्होनें कहा कि झरनों पर पिकनिक मनाने प्रतिबंधित करें तथा बाढ संभावित क्षेत्रों में लोगो को जाने से रोके। एडीजीपी ने शहडोल पुलिस जोन के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि वे बाढ प्रभावित क्षेत्रों में पिकनिक मनाने से पूर्णतः प्रतिबंधित करें तथा अतिवर्षा एवं बाढ़ आपदा से बचाव के बारें में लोगों को समझाईस दें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर शहडोल ने आपदा प्रबंधन की तैयारियो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शहडोल जिले मे सोन नदी के बाढ संभावित गांव, मुड़ना नदी के किनारे बाढ संभावित गांव में बाढ की स्थिति की निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाढ संभावित गावों तक पहुचने के लिए सडकों की मरम्मत कराई गई है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों अधिकारियों को बाढ की स्थिति में सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर अनूपपुर ने बताया कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन किया गया है इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया गया है, बारिस के समय में संक्रामक रोगों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अनूपपुर जिले में वर्षा पूर्व नदी नालों की साफ-सफाई कराई गई है। तथा पहुच विहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न का भण्डारण किया जा चुका है। वीडियो कान्फ्रेंसिग में कलेक्टर उमरिया ने बतया कि जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाणसागर के डूब प्रभावित 13 गावों में सतत निगरानी रखी जा रही है। विडियो कॉनफेसिंग में सयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश उपायुक्त राजस्व श्रीमति मिनिशा पाण्डेय संयुक्त संचालक कृषि जे एस पेन्द्राम जलसंसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, होमगार्ड, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण के उदासीनता पर तीन पटवारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

### एक तहसीलदार दो नायब तहसीलदारों को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस



शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के उदासीनता बरतने पर शहडोल जिले के एक तहसीलदार दो नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में तहसीलदार गोहपारू लक्ष्मण पटेल एवं प्रभारी नायब तहसीलदार ब्यौहारी शिवकुमार सिंह, नायब तहसीलदार गोहपारू रामकिशोर पदमाकर को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि राजस्व प्रकरण अन्तर्गत जिले में नक्शा तरमीम कार्य की प्रगति समय ई-केवायसी एवं पीएम किसान योजना से संबंधित कार्य कराये जाने के उद्देश्य से विशेष राजस्व अभियान 01 मई 2024 से 25 मई 2024 तक प्रचलित था। उक्त कार्य में गंभीर उदासीनता बरतने के कारण तीनों राजस्व अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा है कि लगातार निर्देशों के बावजूद भी नक्शा तरमीम की प्रगति संतोषजनक नही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा अपने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई है। आपका यह कृत्य म0प्र0 सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के निपयम 3 में वर्णित प्रावधानों के प्रतिकूल है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने जारी कारण बताओं नोटिस में कहा है कि पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर आप अपना जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जवाब सन्तोषजनक न होने की दशा में आपके विरुद्ध म0प्र0, सिविल सेवा (वर्गीकरणं, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। वही कलेक्टर ने शहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील के पटवारी रामदिन सिंह, पटवारी गोहपारू गजराज सिंह एवं पटवारी सुश्री प्रिया पटेल को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियो के दिये निर्देशो की अवहेलना करने पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधनों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# बाढ़ वाले इलाकों में जनमानस जाने से बचे, बाढ आपदा के प्रति रहें सजग- कलेक्टर

### मौसम ऐप का करे प्रयोग, बाढ़-ग्रस्त होने वाले क्षेत्रों से रहें परिचित

शहडोल। बरसात को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने शहडोल जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कि बरसात के समय



बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए रेडियो सुनना, टेलीविजन देखना, सजग रहें कि आकस्मिक बाढ़ भी आ सकती है। किसान मौसम ऐप का प्रयोग कर मौसम की भविष्यवाणी को जानें। आकस्मिक बाढ़ आने की कोई संभावना हो तो किसी ऊचें स्थान पर तुरंत चले जाएं, नदियों, नहरों, नालों, घाटियों तथा अचानक बाढ़-ग्रस्त होने वाले अन्य क्षेत्रों से परिचित रहे। इन क्षेत्रों में बारिश के बादल या भारी बारिष जैसी किसी विशिष्ट चेतावनी के साथ या उसके बिना आकस्मिक बाढ़ आ सकती है, अपने घर की नालियों में बाढ़ के पानी को घुसने से रोकने के लिए मोरी की जालियों (सीवर ट्रैप्स) में ÷चेक वाल्व÷ लगाए। उन्होंने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें तथा गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूंए। बारिश में साफ़ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें तथा इन स्थलों से दूर रहें।

# दस्तक अभियान के तहत बच्चों का किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

### बच्चों को पिलाई की गई विटामिन-ए की घोल



शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके लाल ने जानकारी दी है कि जिले में 31 अगस्त 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के 05 वर्ष तक बच्चों का घर घर जा कर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, आशा कार्यकर्ता तथा ऑगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन पिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल हाइमोग्लोबिन मीटर द्वारा समस्त 5 वर्ष तक के बच्चों के गंभीर एनीमिया की जांच की जाएगी। साथ ही कुपोषण, सिकल सेल एनीमिया, निमोनिया, डायरिया के बच्चों का चिन्हाकन कर उपचार भी प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में दस्तक अभियान के तहत शहडोल नगर के वार्ड क्रमांक 32 के ऑगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के लाल एवं पार्षद प्रकाश सोनी द्वारा बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया गया। गौरतलब है कि इस अभियान के तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस व जिंक के उपयोग के प्रति सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने, गृह भेंट के दौरान ओआरएस व जिंक की गोली पहुंचाने, पांच वर्ष से कम उम्र के रेफरल बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान व प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान तथा उनका आरबीएसके कार्यक्रम से संबद्धीकरण को भी शामिल किया गया है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने आष्टा के नवीन थाना भवन का किया लोकार्पण



**सज्जनों का सम्मान और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हो- राजस्व मंत्री श्री वर्मा**

**मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगात -विधायक श्री इंजिनियर**

**सर्वसुविधा युक्त नवीन थाना भवन से पुलिस की कार्यक्षमता में होगी वृद्धि -कलेक्टर श्री सिंह**

**नवीन भवन से नागरिकों को और अधिक बेहतर सेवाएं दे पाएगी पुलिस -एसपी श्री अवस्थी**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
जिला सीहोर ब्यूरो दिनेश चौरसिया
सीहोर,26 जून,2024

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर तथा डीआईजी श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी ने आष्टा के नवीन थाना भवन का लोकार्पण किया। यह नवीन थाना भवन 94 लाख रूपये की लागत से 5535 वर्गफुट क्षेत्रफल मे बना है।

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि नवीन थाना भवन में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से पुलिस बेहतर ढंग से कार्य संपादन कर सकेगी। इसके साथ ही थाने मे आने वाले नागरिकों को बेहतर परिवेश मिलेगा। श्री वर्मा ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहती है और हर परिस्थिती में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। श्री वर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सज्जन लोगों का सम्मान होना चाहिए और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाने परिसर का वातावरण और पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगे कि उसके साथ न्याय होगा।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि लोगों के काम सुगमता से हो सकें इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबधी कामों के लिए लोगों को भटकना न पडे इसके लिए प्रदेश में राजस्व महाभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 30 लाख से भी अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।

**मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगात -विधायक श्री इंजिनियर**

विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर ने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए पुराने थाना भवन में पर्याप्त स्थान नही था। इस नवनिर्मित भवन से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी कार्य संपादन करना पहले से अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी थानों को उन्नयन और नये थाने की सौगात दे रहे है। डीआईजी श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस नवीन सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी और थाने में आने वाले नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

**सर्वसुविधायुक्त नवीन थाना भवन से पुलिस की कार्यक्षमता में होगी वृद्धि -कलेक्टर श्री सिंह**

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने नवीन थाना भवन के लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां कार्य संपादित करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे व्यापार हो या अन्य कोई व्यवसाय हो या अन्य कोई सेवा हो, प्रत्येक व्यक्ति के काम एक समय निर्धारित होता है, लेकिन पुलिस का कोई निर्धारित समय नही है, उन्हें जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहना पडता है।

**नवीन भवन से नागरिकों को और अधिक बेहतर सेवाएं दे पाएगी पुलिस -एसपी श्री अवस्थी**

एसपी श्री मंयक अवस्थी ने कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से आष्टा थाना बहुत महत्वपूर्ण है। बढती जनसंख्या और कानून व्यवस्था की नई चुनौतियों को देखते हुए काफी समय से नवीन भवन की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि 94 लाख रूपये की लागत से निर्मित यह थाना भवन वर्तमान समय की सभी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया है। थाना भवन में महिलाओं, बच्चों के लिए पृथक कक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस थाना भवन की खास बात यह है कि वर्षा के जल संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे इस परिसर के भू-जल में वृद्धि होगी। इस अवसर पर आष्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष जिला अध्यक्ष रवि मालवीय श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान, श्री रायसिंह मैवाडा तथा श्री धारासिंह पटेल सहित गणमान्य नागरिक एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




# इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग रंगोली निर्माण एवं नारा लेखन का कार्यक्रम वह संगोष्ठी शपथ का आयोजन किया गया


**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव**

**संवाददाता भानु प्रताप राय ??**

आज दिनांक 26 जून 2024 को एलएनसीटी महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज के उप*प्रेस विज्ञप्ति*

आज दिनांक 26 जून 2024 को एलएनसीटी महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग रंगोली निर्माण एवं नारा लेखन का कार्यक्रम वह संगोष्ठी शपथ का आयोजन किया गया किस तरह से एचआईवी संक्रमण को बढ़ाने से रोका जा सकता है एवं नशे के क्या दुष्परिणाम होते हैं इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया नशे से दूर रहकर किस तरह स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है इस हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कार्यक्रम में डॉक्टर रीता श्रीवास्तव श्रीमती पारुल परोहा दिव्या हाजरा प्रमोद बोकर जी एवं प्रभारी अजय नारायण पटेल उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक पुष्पराज सिंह अनामिका चढ़ार दीक्षा चौरसिया साहिल पटेल देव पटेल शिवांशी पटेल मौसमी लोधी देव जायसवाल रौनक जायसवाल सूरज वैश्य अनुराग सिंह मान्य पटेल विशाखा गोद वह बदल केवट का विशेष सहयोग रहा ।लक्ष में पोस्टर मेकिंग रंगोली निर्माण एवं नारा लेखन का कार्यक्रम वह संगोष्ठी शपथ का आयोजन किया गया किस तरह से एचआईवी संक्रमण को बढ़ाने से रोका जा सकता है एवं नशे के क्या दुष्परिणाम होते हैं इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया नशे से दूर रहकर किस तरह स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है इस हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कार्यक्रम में डॉक्टर रीता श्रीवास्तव श्रीमती पारुल परोहा दिव्या हाजरा प्रमोद बोकर जी एवं प्रभारी अजय नारायण पटेल उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक पुष्पराज सिंह अनामिका चढ़ार दीक्षा चौरसिया साहिल पटेल देव पटेल शिवांशी पटेल मौसमी लोधी देव जायसवाल रौनक जायसवाल सूरज वैश्य अनुराग सिंह मान्य पटेल विशाखा गोद वह बदल केवट का विशेष सहयोग रहा ।




निवास : 'त्योंधरी' हाउस गढ़ी के पास, बरदाडीह, सतना (म.प्र.) 485001

## ऋच. कंप्यूटर में बनते है खोखम पंचायत के फर्जी बिल...?*

***फरार इनामी तस्कर गोविंद पर मेहरबान है संजना जैन?***

*सतना जिला ब्यूरो चीफ मनीष शुक्ला 7049698876

सतना - जिला पंचायत में जबसे संजना जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी बन कर आई है त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था चरमरा गई हैं वे कर्मचारियों को चमकाती तो है लेकिन भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं करती। रामपुर बघेलान जनपद की ग्राम प. खोखम इसका प्रत्यक्ष उद्धरण हैं। जहां का रोजगार सहायक गोविंद सिंह 195 लीटर अवेध शराब का आरोपी होकर फरार है। सूत्रों का कहना है की इस फरार तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिस कप्तान ने 5 हजार का इनाम घोषित किया हैं। आश्चर्य है की पत्रकारों ने इस समूचे प्रकरण की लिखित शिकायत जनपद एवं जिला पंचायत में कर रखी है लेकिन संजना जैन ने मोहन सरकार के सुशासन को डस्टबिन में डालकर नैतिकता को खोंटी पर टांग दिया है।

वही यह पंचायत भ्रष्टाचार की प्रयोग शाला बन गई है। सूत्रों ने बताया कि वर्षो से इस पंचायत में ऋच्च कंप्यूटर के फर्जी बिल लगकर पास हो रहे हैं जब इस पंचायत में भ्रष्टाचार का पूरा पिटारा खुलेगा तो जिला ही नहीं पूरा प्रदेश दांतों तले उंगली दबाने लगेगा। वर्तमान रोजगार सहायक गोविंद फरार है, ऐसे में ऋच कंप्यूटर के संचालक प्रकाश पांडे के मामा का लड़का संजय रामनगर का है, रोजगार सहायक की सरकारी आईडी चला रहा है इस पूरे प्रकरण में शासन प्रशासन की भद- पिट रही है और संजना जैन एक में आराम फरमा रही है?

## नशा नाश की कुंजी है-थाना प्रभारी रामनगर

*सतना जिला ब्यूरो चीफ मनीष शुक्ला 7049698876

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर रामनगर थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी ने सीएम राइज विद्यालय रामनगर में पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को नशा




मुक्ति के बारे में जानकारी दी इसके साथ ही थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी के द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि नशा नाश की कुंजी है। इसलिए नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए और लोगों को भी नशा नहीं करने की समझाइस देनी चाहिए इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर पेंटिंग बनाई गई। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य सहित शिक्षक और छात्र-छात्राओं सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## कलेक्टर के निर्देश पर कैम्प लगाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. के टीएल बैठक में दिए गए निर्देशों के



परिपालन में जिले में पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। आयुष्मान कार्ड में प्रत्येक पात्र हितग्राही परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार का लाभ मिलता है। चिन्हिंत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। बुधवार को नगर परिषद बिजावर में आयुष्मान कार्ड बनाने कैम्प का आयोजन किया गया।

# ग्राम पंचायतों में लगे एलईडी टीवी सरपंच,सचिव और रोजगार सहायक के घरों की बढ़ा रहे शोभा

**एसडीएम के ग्राम पंचायत में भ्रमण के दौरान नहीं मिले एलइडी टीवी एवं कंप्यूटर सामग्री**

**एसडीएम ने जारी किया आदेश संबंधित जानकारी 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें**

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*
*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

*हनुमनाङ्क* सरकार गांव की पंचायत को सशक्त बनाने के लिए पिछले कई सालों में हर सरकार ने अलग-अलग माध्यमों से नवाचार करते हुए इन्हे स्थाई व मजबूत बनाने का प्रयास किया, लेकिन जिले की एक भी ग्राम पंचायत आज तक आत्मनिर्भर नहीं बन सकी। इन्हें तकनीकी से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायतों में करीब पांच साल पहले रुपए दिए गए थे,जिससे एलईडी टीवी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इनवेटर व इलेक्ट्रिक बोर्ड खरीदा गया। भौतिक सत्यापन के कुछ दिन बाद तक तो यह टीवी व अन्य उपकरण पंचायत भवन में दिखे लेकिन अब यह उपकरण पंचायत के कर्मचारियों (सरपंच,सचिव रोजगार सहायक) के घर की शोभा बढ़ा रहे हैं।

दरअसल खबर मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत की है जहां तकनीकी से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायतों में एलईडी टीवी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इनवेटर व इलेक्ट्रिक बोर्ड खरीदा गया था लेकिन हनुमना एसडीएम राजेश मेहता के भ्रमण के दौरान पंचायत में नहीं मिले एलइडी टीवी। कई बार समाचार पत्रों में लगातार खबर प्रकाशित की गई की ग्राम पंचायतों को शासन स्तर से प्रदाय कम्प्यूटर सामग्री एवं एलईडी टीवी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध नही हैं। यह मामला जब हनुमना एसडीएम के पास पहुंचा तो एसडीएम ग्राम पंचायतों के भ्रमण में निकल गए जहा भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में शा0सामग्री स्थापित नही है। वहीं हनुमना एसडीएम ने आदेश जारी किया की शासकीय सामग्री के ग्राम पंचायतों में स्थापित होने से संबंधित जानकारी 7 दिवस के भीतर कार्यालय में समक्ष में प्रस्तुत करें यदि सामग्री पंचायत भवन में उपलब्ध नही है तो उसकी भी रिपोर्ट अलग से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

वही एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट भ्रामक नही प्रस्तुत की जावे इसका विशेष धान रखें। अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## हरदोली ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के मिलीभगत से निर्माण कार्यो में किया जा रहा गुणवत्ताविहीन कार्य





31

**घटिया मटेरियल के साथ बिना मापदंड के पुलिया का कराया जा रहा निर्माण कार्य। संबंधित इंजीनियर, एसडीओ और सीईओ के द्वारा नही दिया जा रहा ध्यान।**

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*
*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

जवा/ पूरे जिले में भ्रष्टाचार इस कदर छाया हुआ है कि किसी से कोई बात छिपी नही है हर विभाग कम्पटीशन में लगा हुआ है कि हम कितना भ्रष्टाचार कर ले। जिसकी जानकारी शासन प्रशासन को भी है लेकिन कोई भी इन भ्रष्टाचाचारियो पर कार्यवाही करने की जुर्रत नही कर रहा है। क्योंकि अब खाओ और खाने दो का फामूला लागू है।

इसी कड़ी में जवा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदोली से एक वीडियो सामने आया है जिसमे देखा जा सकता है कि किस तरह से घटिया मटेरियल के साथ हरदोली तालाब में पुलिया का बिना मापदंड के गुणवत्ताविहीन कार्य कराया जा रहा है जिसे देखकर लगता है कि आने वाले समय में बड़े हादसे का आमंत्रण दे सकता है। लेकिन शिकायत के बावजूद भी जवा जनपद पंचायत के इंजीनियर, एसडीओ और सीईओ नागेंद्र सिंह आंख मूंदे तमाशा देख रहे है।

वही ग्रामीणों का आरोप है कि अभी हाल ही में नाली का निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें जमकर भ्रष्टाचार किया गया और कुछ ही समय मे कही कही नाली टूट गयी और बनी नाली का कई ढक्कन टूट गए। जिसकी शिकायत की गई लेकिन आज तक संबंधित अधिकारियों के द्वारा न ही जांच की गई न ही भ्रस्टाचारियो पर कोई कार्यवाही की गई। जिससे साबित होता है उक्त मामले में जवा जनपद पंचायत के इंजीनियर, एसडीओ और सीईओ की मिलीभगत है। जिसके लिए ग्रामीणों ने जिला सीईओ एवं जिला कलेक्टर से निवेदन किये है कि उक्त निर्माण कार्यो की जांच कर लिप्त सरपंच, सचिव और अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाय।

# दस्तक अभियान में बच्चों का हो रहा स्वास्थ्य परीक्षण

**कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के दिए निर्देश**

**बच्चों को पिलाया जा रहा विटामिन-ए का घोल**

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छतरपुर जिले में दस्तक अभियान शुरू हुआ। यह अभियान 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने स्वास्थ्य विभाग को दस्तक अभियान को प्रभावी बनाने के लिये निर्देश दिए हैं। अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के मैदान स्तरीय अमला भी घर-घर जाकर 6 माह से 5 वर्ष उम्र के बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और जरुरत अनुसार उपचार किया जा रहा है। दल बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिये घर-घर जाकर कार्यवाही कर रहे है।

इस अभियान में गर्भवती महिलाओं में स्तनपान संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का घोल पिलाने, समुचित बाल आहार की समझाइस, बच्चों में डिजीटल हिमोग्लोबिनोमीटर के माध्यम से एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, बच्चों में दिखाई देनी वाली जन्मजात विकृतियों तथा कुपोषण की पहचान करने, बच्चों का टीकाकरण, दस्त रोग नियंत्रण हेतु ओआरएस पैकेट का वितरण करने, निमोनिया रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज का प्रबंध करने और एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त करने और उनके फॉलोअप करने की कार्यवाही शुरू हुई।

# जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में अवैध खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों के बीच हुई चाकूबाजी: तीन युवक घायल एक गम्भीर-

-देनिक केसरिया हिन्दुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷

-मेघनगर थाना अंतर्गत भैरोगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच रनिंग ट्रेन में जनरल कोच के अंदर चारों वेंडर्स के बीच विवाद हुआ

जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में अवैध खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों के बीच हुई चाकूबाजी ÷ तीन युवक घायल एक गम्भीर

रतलाम- अवैध रूप से ट्रेन में खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों के बीच मंगलवार की रात जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में विवाद होने के बाद दोनो पक्ष ने एक पक्षों ने एक दूसरे पर चाकूओं से हमला बोल दिया । सभी घायलों को



रतलाम जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। जिला चिकित्सालय मे फरयादी पक्ष के लोगो ने हंगामा किया। आरोपी पक्ष के एक व्यक्ति के साथ मारपीट भी की।

मामला ट्रैन मे अवैध रूप से खान पान सामग्री को बेचने को लेकर हुआ था। जम्मूतावी एक्सप्रेस ट्रैन मे चार वेंडर्स का आपस मे विवाद हों गया। जम्मूतवी एक्सप्रेस के जनरल कोच से रतलाम की ओर आ रहे वेंडर दशरथ, नरेंद्र, लक्की तथा प्रकाश के बीच फेरी को लेकर विवाद हो गया। मारपीट के बाद चाकू से वार करना शुरू कर दिए। इससे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। चाकूबाजी में नरेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसके गले व सीने के निचले हिस्से में चाकू लगे है।

मेघनगर थाना अंतर्गत भैरोगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच रनिंग ट्रेन में जनरल कोच के अंदर चारों वेंडर्स के बीच विवाद हुआ है। इस घटना के बाद ट्रैन को बिलडी स्टेशन पर रोका गया बिलड़ी स्टेशन पर से घायल चरो को कोच से जैसे-तैसे इंजिन में चढ़ा कर रतलाम पहुंचाया गया। इनमें से नरेंद्र को गले व छाती पर चाकू लगे है। प्लेटफॉर्म 5 से इन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल मे एक पक्ष के लोगो ने काफ़ी हंगामा मचाया।

घायल तीन युवको के परिजनों ने जिला चिकित्सालय मे खूब हंगामा मचाया और सामने वाले पक्ष के एक युवक के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान पुलिस कर्मी भी मौजूद थे पुलिसकर्मी ने बाद मे बीच बचाव कर युवक को हॉस्पिटल से बाहर भेज दिया। चिकित्सालय मे प्रारम्भिक उपचार के बाद मेडिकल में भर्ती किया गया। घायलों मे नरेंद्र उर्फ गोलू पिता मणिलाल प्रजापत, उमेश पिता मणिलाल प्रजापत और प्रकाश पिता रामचंद्र धाकड़ शामिल हैं।

# हिंदी साहित्य गौरव से अलंकृत हुए शिक्षक कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अंबेडकरनगर । यकीं है मुझको मिल जाएगी तुम्हें एक दिन मंज़िल तुम्हारी । कर्म पथ पर अपना कदम यूं ही बनाए रखो जिज्ञासु ।। चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर उनके स्वयं के किरदार की मुकम्मल तस्वीर है । पेशे से परिषदीय शिक्षक जिज्ञासु के शौक के पैमाने पर कविता एवं साहित्य की महफ़िलें , कवि सम्मेलन एवं मुशायरे हैं । जिज्ञासु की साहित्यिक शौक का नतीजा है कि अब तक उनके दर्जनों काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें व्यक्तिगत एवं साझा काव्य संग्रह शामिल हैं । शैक्षिक , साहित्यिक एवं सांस्कृतिक योगदान के दृष्टिगत जिज्ञासु अब तक कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुके हैं । प्रकाशित पुस्तकों में एक आईना जिज्ञासु की कलम से , मन का आंगन , एहसास दीप , जज़्बात जिज्ञासु के , अपराजिता हरसिंगार , गीत गूंजते हैं , मधुमालती , कोविड-19 , दोहा सागर , काव्य ज्योति , जहां न पहुंचे रवि , आया कोरोना मत डरोना , साहस , कोहिनूर , गुलबहार आदि व्यक्तिगत



एवं साझा काव्य संग्रह हैं । सम्मानों की सूची में साहित्य गौरव सम्मान , श्रद्धा साहित्य गौरव सम्मान , तुलसी मीर सम्मान , साहित्य सारथी सम्मान , युवा शक्ति सम्मान वर्ष 2020 , कोरोना योद्धा सम्मान , योद्धा रत्नम अवार्ड , समीक्षा गुरु सम्मान , सृजन श्री सम्मान , ज्ञानोदय प्रतिभा सम्मान 2020 , साहित्य भूषण सम्मान , श्री कमलेश्वरी मंडल स्मृति काव्य दूत सम्मान , प्रेमचंद सम्मान , हिंदी रत्न सम्मान , पंडित दीनदयाल उपाध्याय साहित्य सम्मान , हिमालयन रत्न सृजन सम्मान , राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति किसान दिवस सम्मान , पुलिस लाइन गणतंत्र दिवस प्रशस्ति पत्र , अंबेडकर नगर महोत्सव 2022 प्रशस्ति पत्र , श्री राधा माधव भक्ति रस सम्मान , काव्य शिरोमणि सम्मान , श्री रामधारी सिंह दिनकर सम्मान , श्री राम साहित्य सम्मान 2024 , विद्या वाचस्पति मानद उपाधि , सर्वदलीय गौ भक्त स्मृति सम्मान , पर्यावरण जागरूकता स्मृति सम्मान , विद्यासागर मानद उपाधि , काव्य साधक सम्मान , प्रणय रत्न सम्मान , श्रेष्ठ संचालक सम्मान , वाणी भूषण सम्मान , साहित्य शिरोमणि सम्मान 2024 , चंद्रा हिंदी गौरव सम्मान 2024 एवं अन्य साहित्यिक सम्मान शामिल हैं । हाल ही में राष्ट्रीय काव्य रसिक मंच सीतापुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन कवि सम्मेलन में जिज्ञासु के सफल संचालन एवं काव्य पाठ हेतु हिंदी साहित्य गौरव सम्मान पत्र से विभूषित किया गया । जिज्ञासु के सम्मान पर शिक्षकों कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है ।

# सीताकुंड घाट पर पौध रोपण कार्य

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या

मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिले के कटका क्लब सामाजिक संस्था व सत्य क्रांति पार्टी के बैनर तले सीताकुंड घाट पर पौध रोपण कार्य किया गया।पौध रोपण का शुभारंभ जनहित पत्रकार एसोसियशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह रहे व अजय पाण्डेय ने किया।

इस मौके पर उपस्थित जन हित पत्रकार एसोसियशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह व अजय पाण्डेय ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने बताया कि पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वहीं पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। सत्य क्रांति पार्टी के मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह ने बताया कि



पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर हृदय राम निषाद, सुधीर यादव, रीता निषाद, प्रीतेश यादव, संजय दास पिंटू, राम जी, अरविंद, अनिल, शिव सागर, दीपक, विकाश, रोशन लाल, दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

# जिया ज्वेलर्स में आयकर विभाग के छापे में बड़ी खामियां मिली

## *2.42 करोड़ की ज्वेलरी सील, 7.5 लाख का जुर्माना*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के नगर पंचायत खिरौनी के सबसे बड़े बाजार सुचित्तागंज स्थित जिया ज्वेलर्स में मंगलवार की शाम पड़े आयकर विभाग के छापे में बड़ी खामियां मिली हैं। जानकारी अनुसार अधिकारियों की कई घंटे चली कार्रवाई में दुकान में मौजूद लगभग 2 करोड़ 42 लाख से ज्यादा की ज्वेलरी सील कर दी गई है। दुकान मालिक इसका कोई दस्तावेज नहीं दे पाया है। विभाग ने इसके एवज में साढ़े सात लाख का जुर्माना लगाने की बात कही है।

बुधवार को इस बाबत पूछे जाने पर छापे की अगुवाई कर रहे विभाग के स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच अधिकारी प्रकाश यादव ने बताया जांच के दौरान पाया गया की दुकान में पिछले 4 वर्ष से जीएसटी को लेकर कोई टैक्स नहीं जमा किया जा रहा था। लगभग 15 दिन पहले हुई शिकायत के आधार पर मारे गए छापे में लगभग ढाई करोड़ की ज्वेलरी बिना हिसाब किताब के पाई गई। इसकी खरीद का कोई दस्तावेज दुकानदार नहीं दिखा पाया। इसे सील कर दिया गया है। इसके लिए दुकानदार पर साढ़े सात लाख का जुर्माना लगाया गया है। मौके पर जांच के दौरान दर्जन भर से ज्यादा ग्राहकों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। पूरी रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

# *प्रधानाध्यापिका का लगभग 20 ग्राम की सोने की चेन गले से काटकर चंपत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर । उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर लम्भुआ में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत सरोज सिंह निवासी लंभुआ विद्यालय से वापस ई रिक्शा से बीईओ की मासिक बैठक में प्रतिभाग करने बीआरसी लम्भुआ आ रही थी तभी ब्लॉक रोड से चार महिलाएं जो घुमंतू व भिक्षाटन का काम करती हैं आकर ई रिक्शे पर बैठ गई, जो बरनवाल मेडिकल स्टोर लम्भुआ के पास उतर गई उस समय उनका ध्यान इधर-उधर भटकाते हुए लगभग 20 ग्राम की सोने की चेन गले से काटकर चंपत हो गई, थोड़ी देर बाद उन्हें यह ज्ञात हुआ कि उनके गले में सोने की चेन नहीं है लौटकर उक्त घटना स्थल पर गई तब तक वहां से सभी नदारद थी। उक्त घटना पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक ने रोष व्याप्त है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि पुलिस पेट्रोलिंग का कार्य सही तरीके से नहीं कर रही है यदि सही पेट्रोलिंग होती तो चोर उचक्के स्नैचिंग करने वाले भय खाते, संघ ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लम्भुआ से यह मांग की है कि ऐसे लोगों को जल्द गिरफ्तार किया जाए अन्यथा शिक्षक संघ उचित निर्णय लेगा।

# ड्रेनों की सफाई हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समिति की बैठक हुई आयोजित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

जनपद अम्बेडकरनगर में सिंचाई विभाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित ड्रेनों की सफाई हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जनपदीय नोडल अधिकारी, सिंचाई एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड टाण्डा, अम्बेडकरनगर (सदस्य सचिव) द्वारा जनपद अम्बेडकरनगर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित ड्रेनों की सफाई का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सदस्यों की अनुमति पर ड्रेनों की सफाई का अनुमोदन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड टांडा को निर्देशित किया गया कि नहर में पानी की उपलब्धता पर्याप्त रूप से बनाए रखें, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो उन्हें पर्याप्त पानी मिलता रहे। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड टांडा एसपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति अध्यक्ष जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवम् प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा निकट भविष्य में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस के चयन परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण, नकल विहीन कराने हेतु संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिए गए मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी शासनादेश के मानकों के अनुरूप आने वाले परीक्षा केंद्रों का चयन किया जाय।उक्त परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा शासन द्वारा दिए गए निर्देशों से सभी को बिंदुवार अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# आखिर क्या पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ और जिलाधिकारी अविनाश कबाड़ियों के तिलिस्म को तोड़ पाएंगे

## खबर प्रकाशित होने बाद जलालपुर कोतवाल के द्वारा कबाड़ी के भाई को बैठाया

## कबाड़ी के भाई को छोड़ने के लिए बत्ती बुता कर 35 हजार सूत्र

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर में भले ही सूबे की योगी सरकार उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के हार के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी हार की समीक्षा कर रहे हैं और फुल एक्शन में है? अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही कर रहे हो, इस के बावजूद जनपद अम्बेडकरनगर के तहसील जलालपुर ग्राम पंचायत शाहपुर फिरोजपुर पुरवा मलिकपुर छितौनी में लंबे समय स्थानीय पुलिस एवं आरटीओ विभाग के संरक्षण में कबाड़ का करोबार तेजी से फल-फूल रहा है....

कबाड़ी संचालक बजरंग( अवधेश) कह रहा गाड़ी काटने के एवज पुलिस को मोटी रकम महीने में देनो पड़ता है, सूत्रों की की मानें तो पुलिस व परिवहन विभाग इन कबाड़ कारोबारियों से प्रतिमाह मोटी रकम वसूली भी करता है

## *खबर प्रकाशित होने बाद जलालपुर कोतवाल के द्वारा चौंकाने वाला कबाड़ी उपर कार्यवाही किया ।*

जलालपुर कबड्डी की खबर प्रकाशित होने के बाद पूरा दिन भर गहमी -गहमा चला शाम को जलालपुर कोतवाली प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि कबाड़ी के भाई को जलालपुर कोतवाली मे लाकर बैठा दिया गया उसके बाद से चौंकाने वाली कार्यवाई देखने को मिली जगह-जगह से पत्रकार के पास फोन करके मैनेज करने



की कवायत होती रही

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कबाड़ी को छुड़ाने के लिए जलालपुर कोतवाल के ऊपर दबाव भी बनाना शुरू भी हो गया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रात में बत्ती बुता कर 35 हजार रुपए कबाड़ी के भाई को छोड़ने के लिए लिया गया है पुलिस के वर्दी पर हमेशा कीचड उछलते रहते हैं लेकिन अपने कारनामों से बाज नहीं आता है। थाना कोई भी हो सभी थाने मलाईदार बने हुए हैं जो की जनता के जेबों पर डांका डाल रहे हैं । अगर देखा जाए तो अंबेडकर नगर जिले में सबसे भ्रष्ट विभाग अगर है तो पुलिस विभाग ही है। पुलिस हर कार्यो में हस्ताच्छेपकर जमीनी विवाद से लेकर अन्य मामलों में बारे में निजी स्वार्थ में लगा रहता है

## *कबाड़ियों के ऊपर कार्यवाही के मामले में सी.ओ जलालपुर ने क्या कुछ कहा*

शाम को सी.ओ जलालपुर के फोन पर संपर्क करके कबाड़ियों उपर क्या कार्यवाही किया गया जानकारी ली गई तो सी.ओ जलालपुर ने बताया कि कबाड़ियों पर छापा डालकर कबाड़ियों के यहां खड़ी गाड़ियां और स्क्रैप सीज किए जाएंगे लेकिन छापा डालने के टीम बनानी पड़ेगी.. और आरटीओ विभाग के अधिकारियों का सहयोग चाहिए आखिर क्यों मीडिया से यह बातें बताई जा रही है। क्या मीडिया कर्मी टीम बनाने सहयोग करें। जब कि पुलिस का कारनामा किसी छुपा नहीं है। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग अवैध वसूली करने में लग जाते हैं

## *पुलिस विभाग से कुछ काम नहीं आरटीओ विभाग के अधिकारी*

जलालपुर कबड्डी का खबर प्रकाशित होने के बाद आज जब ए आरटीओ से मोबाइल पर संपर्क किया गया जानकारी लेने के लिए तो जवाब देने में हिचकिचाने लगे ।

## *दूसरा सवाल आज भी टैक्स बकाया क्यों*

तीसरा सवाल पुलिस ने क्या कबाड़ी को एनओसी कबाड़ी को गाड़ी काटने के लिए दिया

किसी सवालों का जवाब ना दे पल्ला झाड़ लेना यह कह देना कि आरटीओ साहब जानकारी ले लिया जाए जिससे यह साबित हो रहा है कि पुलिस प्रशासन और आरटीओ विभाग के अधिकारी कबाड़ियों से अवैध वसूली कर रहे हैं।

## *आखिर क्या पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ और जिलाधिकारी अविनाश कबाड़ियों के तिलिस्म को तोड़ पाएंगे*

अम्बेडकरनगर जिला का कमान सभाल रहे जिला अधिकारी अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ जिस तरीके के अधिनस्थ कर्मचारी एवं आरटीओ के कर्मचारी निरंकुश हो गये है कार्यवाही नहीं कर रहे हैं सवाल खड़ा होना लाजिमी है क्या जिला अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुब ऐसे विभाग के कर्मचारीयों के उपर अंकुश लगा पाएंगे यह किसी चुनौती से कम नहीं।

## क्या बोले एस एच ओ जलालपुर

बात द्वारा सवाल करने पर एस एच ओ जलालपुर ने कहा कि स्क्रैप के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है कबाड़ी को बैठाया गया है कागज मांगा जा रहा है लेकिन अभी तक कागज नहीं मिला है।

## *क्या बोले सीओ जलालपुर*

मामले की जानकारी जब को जलालपुर से ली गई तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है जो भी उचित होगा कार्यवाही की जाएगी।

# अन्तर्जनपदीय गैंग के दो सदस्यों के साथ चोरी की बोलेरो एवं दो बकरियों को पुलिस ने किया बरामद



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान के तहत अन्तर्जनपदीय गैंग के दो सदस्यों के साथ चोरी की बोलेरो एवं दो बकरियों को पुलिस ने बरामद किया । पुलिस के मुताबिक बसखारी निरीक्षक संत कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर सेखीपुर कौडाही के निकट वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था की इसी दौरान बोलोरो गाड़ी में बकरी लदी आती दिखाई पड़ी। जिसे रोकने के पश्चात उसमें बैठे लोग घबरा गये और भागने लगे। मौके पर पुलिस ने अन्तर्जनपदीय पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय आकाश पुत्र राजकरन निवासी मोमिनपुर बाजिदपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर व 19 वर्षीय सिध्दार्थ कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी हजपुरा बाजार ताजुपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकर नगर के रूप में हुई। पूछताछ में पकड़े गये अभियुक्तों ने बताया कि जनपद गाजीपुर से बोलेरी चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर गांव-गांव जाकर बकरी चोरी करते है?। बोलोरो से अवैध नाजायज चापर, चोरी की हुई दो बकरीयो को पुलिस ने बरामद किया। मौके से दो अन्य भागे अपराधियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। मौके से भागे अपराधी सिराज उर्फ पोढे पुत्र जुल्फिकार निवासी अमगलिया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़, अब्दुल्ला पुत्र अज्ञात निवासी मोमिनपुर वाजिदपुर थाना जलालपुर है। जिसमें सिराज के ऊपर विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इस सम्बन्ध क्षेत्राधिकार नगर सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तार के लिए दविश दी जा रही है जल्द ही अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। मौके पर पकड़े गये अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

# सनातन धर्म स्थापना दिवस मनाया जाएगा

*अंतरराष्ट्रीय सनातन संस्कृति हिंदू राष्ट्र को लेकर धर्म प्रचार करने वाले पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का जन्मोत्सव,*

छतरपुर मध्य प्रदेश भारतवासी 4 जुलाई को सनातन धर्म स्थापना दिवस के रूप में मनाने में सहमति प्रदान करें । संतोष गंगेले कर्मयोगी मध्य भारत के मध्य प्रदेश छतरपुर जिले के विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो से 13 किलोमीटर दूर बमीठा थाना अंतर्गत ग्राम गढ़ा गंज छोटे से ग्राम एक सामान्य ब्राह्मण परिवार में पंडित श्री राम कृपाल गर्ग एवं श्रीमती सरोज गर्ग को ईश्वर की कृपा से जो दो पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया है जिसमें एक बालक का जन्म 4 जुलाई 1996 को हुआ था । वह बालक आज राष्ट्रीय स्तर के लाखों संतों में सर्वाधिक लोकप्रिय जनप्रिय धर्म प्रिया और मानव कल्याण के लिए काम करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने पुरानी सनातन संस्कृति संस्कारों नेतृत्व शिक्षा व्यवहारिक जीवन और मानवता के लिए अपने जीवन के 28 वर्ष 4 जुलाई 2024 को प्रवेश कर रहे हैं उनके जन्मदिन को भारत देश सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीय एवं अन्य जाति धर्म पंथ संस्कारों के मानव व्यक्त

# एक स्कूल बस बिना वैध दस्तावेज के संचालित पाए जाने पर जब्त की




धार 26 जून, 2024/ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही कर वाहनों में क्षमता से ज्यादा सवारी ढोने वालों पर की गई। साथ ही 15 से अधिक स्कूल बसों की विशेष चेकिंग करने पर एक स्कूल बस बिना वैध दस्तावेज के संचालित पाए जाने पर उसे जब्त की गई।

# पत्रकार की मोबाइल छिनने एवं गाली, गलौज तथा धमकी के बाद, मंडला आयुक्त के आदेश पर हो रहें नजूल भूमि अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। जनपद के टांडा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत चौक घंटा घर के बीचों बीच नजूल/सरकारी भूमि पर कई दिनों से हो रहें अवैध निर्माण की सूचना एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता द्वारा मंडला आयुक्त अयोध्या तथा डीएम अम्बेडकरनगर को दी जा रही थी लेकिन कार्यवाही के नाम पर स्थानीय नगर पालिका परिषद टांडा प्रशासन से लेकर उप जिला अधिकारी सिर्फ लीपा पोती कर नोटिस दे कर अवैध निर्माण को रोकने की बात कह कर इतिश्री कर ले रहे थे।

इसी दौरान बीते मंगलवार को लगभग 3ः00 बजे किसी विश्वसनीय सूत्र के माध्यम से उक्त पत्रकार को नजूल भूमि पर हो रहे अनवरत जारी अविध निर्माण की सूचना मिलने पर तत्काल पहुंचे पत्रकार ने निर्माण की फोटो खींची इसी दौरान निर्माण कर्ता के पुत्र द्वारा पत्रकार की मोबाइल फोन छिनने के प्रयास के साथ भद्दी गालियां देते हुए मारपीट पर विपक्षी आमादा हो गए किसी प्रकार पत्रकार ने अपनी मोबाइल सुरक्षित रख अपनी जान बचाई।

ज्ञातव्य हो कि तत्काल पूरी घटना कि सूचना पत्रकार में मंडला आयुक्त अयोध्या को दी उसके बाद आयुक्त अयोध्या के आदेश पर नगर पालिका परिषद टांडा प्रशासन ने बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा कर सरकारी नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया उल्लेखनीय है कि कोतवाली टांडा क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी गिरजा देवी पत्नी प्रेम नारायण ने चौक घंटा घर के सामने भाजपा कार्यालय के बगल स्थित आबादी की भूमि पर बैनामा लिया था जिसके सामने नजूल/सरकारी भूमि मौजूद हैं। स्थानीय पत्रकार का आरोप था की बैनामे की आड़ में नजूल भूमि पर भी अवैध कब्जा किया जाने लगा।

नगर पालिका की भूमि पर पिलर, सीढ़ी और झाप का अवैध निर्माण कर लिया गया जिसकी रोक थाम न करने के बजाय स्थानीय प्रशासन नोटिस की कार्यवाही करता रहा। टांडा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने नोटिस देकर अवैध कब्जा हटाने से संबंधित आदेश भी दिया गया था बावजूद इसके निर्माण होता रहा।

विदित हो कि पत्रकार की मोबाइल फोन छीनना और गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देना विपक्षी को भारी पड़ा पत्रकार की शिकायत पर मंडला आयुक्त ने बुलडोजर चलवा कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराते हुए कार्यवाई करना शुरू कर दिया है।

विपक्षी मनोज मोदनवाल, दिलीप मोदनवाल पुत्र प्रेम नारायण के खिलाप पुलिस को शिकायत कर न्याय संगत कार्यवाई किए जाने की प्रेस क्लब टांडा तथा युवा पत्रकार प्रेस क्लब के माध्यम से मांग सामूहिक उठाई है।